दैनिक

# करंट क्राइम

www.currentcrime.com

सिर्फ सच...

दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

● नई दिल्ली। शनिवार 25 अप्रैल -2026 ● वर्ष : 11 अंक : 122 पेज -08 ● RNI NO. DELHI/2015/65364 ● मूल्य : ₹3


## 'आप' के राघव चड्ढा, संदीप पाठक सहित सात सांसदों ने थामा भाजपा का दामन



**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी में इस वक्त बड़ा भूचाल देखने को मिल रहा है। राघव चड्ढा, संदीप पाठक और अशोक मित्तल ने शुक्रवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस प्रेस कॉन्फ्रेंस में उन्होंने आम आदमी पार्टी से बगावत का ऐलान करते हुए पार्टी छोड़ने का ऐलान कर दिया। इसके साथ ही उन्होंने चार अन्य सांसदों के नाम भी बताए जिन्होंने आम आदमी पार्टी छोड़ दी है। इस तरह से आम आदमी पार्टी के सात सांसदों ने एक साथ पार्टी छोड़ दी है। राघव चड्ढा, संदीप पाठक और अशोक मित्तल भाजपा में शामिल हो गए हैं। जिन सांसदों में आम आदमी पार्टी छोड़ी है, उनमें सभी पार्टी के बड़े नाम शामिल थे।

# बुद्धिजीवियों से करने को मुलाकात, अखिलेश यादव आ रहे हैं आज गाजियाबाद

## 'किसान क्यों पीड़ित, क्यों परेशान' पर मंथन, बुद्धिजीवियों के साथ संवाद से सपा देगी बड़ा संदेश




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** पश्चिमी उत्तर प्रदेश की राजनीति में आज गाजियाबाद एक बार फिर केंद्र में है, जहां समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री [illegible] का दौरा कई मायनों में अहम माना जा रहा है। सपा प्रमुख ऐसे समय में शहर आ रहे हैं जब किसान मुद्दे लगातार राष्ट्रीय बहस के केंद्र में बने हुए हैं और जमीनी स्तर पर किसानों की परेशानियों को लेकर सवाल तेज हैं। ह्यकिसान क्यों पीड़ित, क्यों परेशानह्ल जैसे सीधे और संवेदनशील विषय पर आयोजित यह गोष्ठी महज एक औपचारिक बैठक नहीं, बल्कि एक राजनीतिक और वैचारिक हस्तक्षेप के रूप में देखी जा रही है, जहां सपा अपने एजेंडे को साफ-साफ सामने रख रही है।

अखिलेश यादव की यह पहल बताती है कि पार्टी अब सिर्फ रैलियों और पारंपरिक राजनीतिक कार्यक्रमों तक सीमित नहीं रहना चाहती, बल्कि बुद्धिजीवियों, प्रोफेशनल वर्ग और समाज के जागरूक तबके के साथ सीधे संवाद के जरिए मुद्दों को समझने और उन्हें राजनीतिक विमर्श का हिस्सा बनाने की रणनीति पर काम कर रही है। गाजियाबाद जैसे शहरी और संवेदनशील राजनीतिक क्षेत्र में इस तरह की बैठक आयोजित कर सपा यह संकेत भी दे रही है कि किसान का सवाल अब गांव तक सीमित नहीं है, बल्कि शहरों के बुद्धिजीवी वर्ग को भी इस पर अपनी भूमिका तय करनी होगी।

आज का यह कार्यक्रम उस व्यापक ह्यविजन राजनीतिह्ल का हिस्सा है, जिसे अखिलेश यादव पिछले कुछ समय से लगातार आगे बढ़ा रहे हैं—जहां जनता के मुद्दों को सुनने, समझने और उनके समाधान के लिए वैचारिक आधार तैयार करने की कोशिश की जा रही है।

गाजियाबाद की इस बैठक के जरिए सपा एक तरफ किसानों की पीड़ा को केंद्र में ला रही है, तो दूसरी तरफ अपने नेतृत्व की सक्रियता और लोकप्रियता को भी मजबूती से स्थापित कर रही है।

### किसान मुद्दों पर सीधा संवाद, बुद्धिजीवियों के बीच अखिलेश यादव

गाजियाबाद के होटल रेडिसन ब्लू में आयोजित इस गोष्ठी में समाज के प्रबुद्ध वर्ग—एडवोकेट, डॉक्टर, सीए और शिक्षक—शामिल हो रहे हैं। कार्यक्रम का मकसद साफ है : किसान की मौजूदा स्थिति को समझना, उसकी समस्याओं की जड़ तक जाना और समाधान के लिए वैचारिक आधार तैयार करना। अखिलेश यादव इस मंच पर न केवल अपनी बात रखेंगे, बल्कि उपस्थित बुद्धिजीवियों के विचार भी सुनेंगे, जिससे एक व्यापक दृष्टिकोण सामने आए।

### 'विजन मीटिंग' मॉडल—पहले भी कई शहरों में कर चुके हैं प्रयोग

करंट क्राइम। अखिलेश यादव इस तरह की ह्लविजन आधारित बैठकोंह्व का सिलसिला पहले भी प्रदेश के कई हिस्सों में कर चुके हैं। लखनऊ, कानपुर, प्रयागराज और वाराणसी जैसे शहरों में भी उन्होंने इसी तरह प्रबुद्ध वर्ग के साथ संवाद स्थापित किया, जहां शिक्षा, रोजगार, स्वास्थ्य और किसान जैसे मुद्दों पर खुलकर चर्चा हुई। इन बैठकों की खास बात यह रही कि इनमें सिर्फ राजनीतिक भाषण नहीं, बल्कि जमीनी फीडबैक और वैचारिक मंथन को प्राथमिकता दी गई। गाजियाबाद की आज की बैठक उसी श्रृंखला की कड़ी है, जहां सपा किसान मुद्दों को शहरी और बुद्धिजीवी मंच पर लाकर एक नया राजनीतिक नैरेटिव तैयार करने की कोशिश कर रही है।

**'किसान क्यों पीड़ित, क्यों परेशान' जैसे सीधे सवाल के माध्यम से सपा सरकार की नीतियों पर अप्रत्यक्ष सवाल भी खड़े कर रही है और खुद को किसान हितैषी विकल्प के रूप में पेश कर रही है।**

### किसान को केंद्र में रखकर सपा का राजनीतिक संदेश

करंट क्राइम। आज की गोष्ठी के जरिए समाजवादी पार्टी यह संदेश देने की कोशिश कर रही है कि किसान सिर्फ ग्रामीण मुद्दा नहीं, बल्कि राष्ट्रीय चिंता का विषय है। 'किसान क्यों पीड़ित, क्यों परेशान' जैसे सीधे सवाल के माध्यम से सपा सरकार की नीतियों पर अप्रत्यक्ष सवाल भी खड़े कर रही है और खुद को किसान हितैषी विकल्प के रूप में पेश कर रही है।

### लोकप्रियता और संवाद शैली—अखिलेश की सबसे बड़ी ताकत

करंट क्राइम। अखिलेश यादव की राजनीति की खास पहचान उनका संवाद का तरीका रहा है। वह आक्रामक राजनीति के बजाय मुद्दों को सरल भाषा में रखकर लोगों से जुड़ने की कोशिश करते हैं। युवाओं और पढ़े-लिखे वर्ग में उनकी स्वीकार्यता इसी वजह से लगातार बनी हुई है। गाजियाबाद की यह बैठक भी उसी शैली का विस्तार मानी जा रही है, जहां वे सीधे बुद्धिजीवियों के बीच बैठकर चर्चा करेंगे।

### आज पत्रकारों से रूबरू होंगे सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव आज गाजियाबाद आ रहे हैं। वो किसानों की स्थिति को लेकर प्रबुद्ध वर्ग के लोगों के साथ विचार विमर्श करेंगे। रेडिसन ब्लू में ये कार्यक्रम आयोजित होगा। इस कार्यक्रम में लगभग 100 लोगों का डेलिगेशन मौजूद रहेगा। ये समाजवादी पार्टी का राजनीतिक कार्यक्रम नहीं है, ये बौद्धिक चिंतन का कार्यक्रम है। अखिलेश यादव प्रबुद्ध वर्ग के गणमान्य लोगों के साथ यहां विचार विमर्श करेंगे। सूत्र बताते हैं कि वे यहां मीडिया से भी रूबरू होंगे वो मीडिया को कुछ विषयों पर जानकारी देंगे। पत्रकारों के सवालों का भी जवाब देंगे। विजन इंडिया कार्यक्रम में आज अखिलेश यादव होटल रेडिसन ब्लू में लगभग एक बजे दोपहर में मीडिया से रूबरू होंगे। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव पत्रकारों से विभिन्न विषयों पर चर्चा करेंगे।

# सीपी जे रंविदर गौड ने परोसा प्रशिक्षु आरक्षियों को भोजन



### - प्रशिक्षण पूरा होने के बाद हुआ लाइन में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद की पुलिस लाइन में 582 प्रशिक्षु आरक्षियों का 9 माह का प्रशिक्षण पूर्ण होने पर भव्य आयोजन किया गया। 26 अप्रैल को प्रस्तावित पासिंग आउट परेड से पहले शुक्रवार को सामूहिक भोज एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ, जिसमें वरिष्ठ अधिकारियों ने अनुशासन, परंपरा और सेवा भाव का अनूठा उदाहरण प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के दौरान पुलिस आयुक्त जे रविंदर गौड, एडिशनल सीपी केशव चौधरी, डीसीपी सिटी-लाइन धवल जायसवाल सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने स्वयं प्रशिक्षु आरक्षियों को भोजन परोसा। इस पहल ने पुलिस परिवार में आपसी सम्मान और एकजुटता का संदेश दिया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रशिक्षु आरक्षियों ने नृत्य, संगीत, नाटक, कविता पाठ और लोकगीतों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। सामूहिक भोज में वरिष्ठ व कनिष्ठ अधिकारियों ने एक साथ बैठकर भोजन किया, जिससे भाईचारे का माहौल देखने को मिला। कार्यक्रम में कमिश्नरेट के सभी गजटेड अधिकारी, थाना प्रभारी तथा अन्य अधिकारी मौजूद रहे। संचालन एसीपी वेव सिटी प्रियाश्री पाल के द्वारा किया गया। साथ ही 41वीं वाहिनी पीएसी, गाजियाबाद के अधिकारी भी शामिल हुए। पूरे आयोजन की तस्वीरें सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बनी रहीं, जो पुलिस बल के मानवीय और प्रेरणादायी स्वरूप को दर्शाती हैं।

# चार वर्षीय बच्ची के मामले में शुरुआती जांच पर सवाल, पॉक्सो न लगाने पर फटकार

## मासूम से रेप-हत्या केस में सुप्रीम कोर्ट सख्त, एसआईटी से दोबारा जांच के आदेश

**'सुप्रीम' सख्ती**

**आरोपी गौरव प्रजापति को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है**

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** गाजियाबाद में चार वर्षीय बच्ची के साथ रेप और हत्या के सनसनीखेज मामले में सुप्रीम कोर्ट ने सख्त रुख अपनाते हुए जांच प्रक्रिया पर गंभीर सवाल उठाए हैं। अदालत ने मामले की निष्पक्ष और व्यापक जांच सुनिश्चित करने के लिए स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम (एसआईटी) गठित करने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने उत्तर प्रदेश पुलिस के डीजीपी को आदेश दिया है कि उच्चस्तरीय एसआईटी का गठन कर इस मामले की जांच शुरू से की जाए। यानी अब तक की पूरी जांच प्रक्रिया की समीक्षा होगी और सभी तथ्यों को नए सिरे से परखा जाएगा। यह मामला तब और गंभीर हो गया जब सामने आया कि शुरूआती चरण में पुलिस ने इस केस में पॉक्सो एक्ट नहीं लगाया था। इसी



लापरवाही और जांच की दिशा पर सवाल उठने के बाद मामला सुप्रीम कोर्ट तक पहुंचा। अदालत ने इसे बेहद गंभीर चूक मानते हुए संकेत दिया कि ऐसे संवेदनशील मामलों में कानूनी धाराओं के चयन में किसी भी प्रकार की ढिलाई स्वीकार नहीं की जा सकती। मामले में आरोपी गौरव प्रजापति को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है, लेकिन कोर्ट ने साफ किया है कि केवल गिरफ्तारी पर्याप्त नहीं है—जांच की पारदर्शिता और साक्ष्यों की मजबूती भी उतनी ही जरूरी है।

### कई स्तर के अधिकारी रहेंगे शामिल

करंट क्राइम : एसआईटी को निर्देश दिया गया है कि वह शुरूआत से पूरे घटनाक्रम की जांच करे—जिसमें अपराध की परिस्थितियां, पुलिस की प्रारंभिक कार्रवाई, मेडिकल प्रक्रिया और साक्ष्य संकलन तक हर पहलू शामिल होगा। साथ ही, यह भी देखा जाएगा कि कहीं जांच में कोई लापरवाही या जानबूझकर चूक तो नहीं हुई। विश्लेषण के तौर पर देखें तो सुप्रीम कोर्ट का यह आदेश सीधे तौर पर जांच एजेंसियों की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़ा करता है। पॉक्सो जैसे सख्त कानून को शुरूआती चरण में न लगाना न केवल प्रक्रिया की गंभीर चूक मानी जा रही है, बल्कि इससे पीड़ित को न्याय मिलने की प्रक्रिया भी प्रभावित हो सकती थी। एसआईटी जांच का सबसे बड़ा उद्देश्य अब यह होगा कि सभी साक्ष्यों को वैज्ञानिक और कानूनी तरीके से मजबूत किया जाए। जांच में हुई संभावित लापरवाहियों की पहचान हो। दोषियों के खिलाफ ठोस और टिकाऊ केस तैयार किया जाए। इस पूरे घटनाक्रम ने एक बार फिर यह सवाल खड़ा कर दिया है, कि क्या जमीनी स्तर पर संवेदनशील मामलों को लेकर पुलिस तंत्र पूरी तरह सतर्क है या नहीं। सुप्रीम कोर्ट का हस्तक्षेप इस बात का संकेत है कि अब ऐसे मामलों में जवाबदेही तय करना अनिवार्य होगा। फिलहाल, एसआईटी गठन के बाद इस केस की दिशा बदलने की उम्मीद जताई जा रही है और अब सबकी नजरें जांच की प्रगति और अंतिम निष्कर्ष पर टिकी हैं।

# कमिश्नरेट के प्रमुख चौराहों पर गूंज रही बिग बी की आवाज

## ट्रैफिक नियमों को लेकर सख्त संदेश, 34 प्रमुख स्थानों पर पब्लिक अनाउंसमेंट सिस्टम सक्रिय

**सराहनीय पहल**

**हादसे कम करने और लोगों की जान बचाने पर फोकस**

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में ट्रैफिक व्यवस्था सुधारने और सड़क हादसों पर लगाम लगाने के लिए पुलिस कमिश्नरेट ने एक प्रभावशाली पहल शुरू की है। अब शहर के प्रमुख चौराहों पर बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन की दमदार आवाज गूंज रही है, जो लोगों को यातायात नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित कर रही है। इंटीग्रेटेड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम के तहत लगाए गए पब्लिक अनाउंसमेंट सिस्टम के जरिए लगातार यह संदेश प्रसारित किया जा रहा है कि जीवन अनमोल है और छोटी-सी लापरवाही भी जानलेवा साबित हो सकती है। लोगों से अपील की जा रही है कि बाइक चलाते समय हेलमेट जरूर पहनें, कार में सीट बेल्ट लगाएं और वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का इस्तेमाल न करें। साथ ही रॉन्ग साइड ड्राइविंग से बचने की सख्त चेतावनी भी दी जा रही है, क्योंकि यह सड़क हादसों की बड़ी वजह बन रही है।



### फिलहाल शहर के 34 प्रमुख चौराहों पर लगे हैं यह सिस्टम

करंट क्राइम : डीसीपी ट्रैफिक त्रिगुण बिसेन ने जानकारी दी है कि फिलहाल में हापुड़ चुंगी, पुराना बस अड्डा, चौधरी मोड़, घंटाघर, लाल कुआं, मोहन नगर, वैशाली, लोनी रोड और साहिबाबाद सहित अन्य व्यस्त स्थानों पर शुरू कर दिया गया है। ट्रैफिक पुलिस अधिकारियों के मुताबिक आने वाले दिनों में इसे शास्त्री नगर समेत बाकी प्रमुख चौराहों तक भी विस्तार दिया जाएगा। इसके साथ ही समय-समय पर ट्रैफिक पुलिस के पुरुष और महिला कर्मी भी इन सिस्टम के जरिए सीधे लोगों को जागरूक करेंगे। दरअसल पुलिस कमिश्नरेट का स्पष्ट लक्ष्य शहर में सड़क हादसों की संख्या कम करना और खासकर हाईवे व हाई-स्पीड मार्गों पर होने वाली मौतों में कमी लाना है। इसके लिए भविष्य में ग्रीन कॉरिडोर विकसित करने की योजना भी तैयार की जा रही है, ताकि हादसे के बाद घायलों को तेजी से अस्पताल पहुंचाकर उनकी जान बचाई जा सके।





### जागरूकता से सख्ती तक—ट्रैफिक सुधार का पूरा प्लान

करंट क्राइम : गाजियाबाद ट्रैफिक पुलिस अब सिर्फ चालान तक सीमित नहीं है, बल्कि जागरूकता और तकनीक के जरिए व्यवहार में बदलाव लाने पर जोर दे रही है। पब्लिक अनाउंसमेंट सिस्टम के जरिए लगातार संदेश प्रसारित कर लोगों को नियमों के प्रति सजग किया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर हाईवे और प्रमुख मार्गों पर निगरानी बढ़ाकर दुर्घटनाओं को रोकने की रणनीति पर काम हो रहा है। ग्रीन कॉरिडोर जैसी पहलें इस बात का संकेत हैं कि प्रशासन सिर्फ नियम लागू नहीं कर रहा, बल्कि हादसे के बाद जीवन बचाने की दिशा में भी ठोस तैयारी कर रहा है। सीपी गाजियाबाद ने ट्रैफिक सुधार की यह पहल जागरूकता, तकनीक और सख्ती का मिला-जुला मॉडल है। सड़कों पर जब अमिताभ बच्चन की आवाज लोगों को नियमों का महत्व समझा रही है, तो उम्मीद है कि इसका असर सीधे लोगों के व्यवहार पर पड़ेगा और शहर में सड़क सुरक्षा का स्तर बेहतर होगा।

# शराबियों पर कमिश्नरेट पुलिस की सर्जिकल स्ट्राइक, 2 घंटे में 3198 की चेकिंग और 357 पर हुई कार्रवाई


**कार्रवाई**

**तीनों जोन में एक साथ चला अभियान**

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीकर माहौल खराब करने वालों के खिलाफ 23 अप्रैल को ऐसा आक्रामक अभियान चलाया, जिसने शहरभर में साफ संदेश दे दिया हे कि अब सड़कों पर शराबखोरी बिल्कुल बर्दाश्त नहीं होगी। शाम सात बजे से लेकर नौ बजे तक चले इस हाई-इंटेंसिटी ऑपरेशन में पुलिस की टीमों ने ठेकों के बाहर, सड़कों पर और भीड़भाड़ वाले सार्वजनिक स्थानों पर ताबड़तोड़ चेकिंग की। नशे में हंगामा करने वाले और राहगीरों को परेशान करने वालों को मौके पर ही पकड़ लिया गया। पुलिस ने इस दौरान 213 स्थानों पर एक साथ छापेमारी की और 3,198 लोगों की सघन चेकिंग हुई। जिसमें 357 लोग खुलेआम शराब पीते पकड़े गए, जिसमें 318 चालान (पुलिस एक्ट धारा 34) और 25 पर बीएनएसएस (170/126/135) के तहत कड़ी कार्रवाई हुई।



### पुलिस के अभियान में किसी ने पापा को मिलाया फोन, तो किसी ने नेताजी से कराई बात



करंट क्राइम : गुरुवार रात पुलिस कमिश्नरेट के तीनों जोन में सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने वालों के खिलाफ सघन अभियान चलाया गया। कार्रवाई के दौरान कई रोचक और दबाव बनाने वाले दृश्य भी सामने आए। कुछ लोग पुलिस से बचने के लिए अपने 'पापा' से फोन पर बात कराने लगे, तो कुछ ने कथित तौर पर 'नेताजी' से सिफारिश लगवाने की कोशिश की। हालांकि, सूत्रों के अनुसार पुलिस ने ऐसे दबावों को नजरअंदाज करते हुए सख्ती बरती। अभियान के तहत कई लोगों के चालान किए गए, जबकि कुछ की मौके पर फोटो खींचकर रिकॉर्ड में सुरक्षित कर ली गई। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने वालों के खिलाफ यह अभियान आगे भी और तेजी से जारी रहेगा। उन्होंने साफ किया कि कानून व्यवस्था से समझौता नहीं किया जाएगा और नियम तोड़ने वालों पर कड़ी कार्रवाई होगी।





### सीपी का साफ संदेश सड़क पर शराब तो सीधी कार्रवाई



करंट क्राइम : इस अभियान के दौरान सभी एसीपी, थाना प्रभारी और चौकी इंचार्ज खुद मैदान में उतरे। पुलिस ने स्पष्ट कर दिया है कि सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीकर हुड़दंग करने वालों के लिए अब कोई रियायत नहीं होगी। ऐसे लोगों को सीधे हिरासत और कानूनी कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा। साथ ही पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड का कहना है कि यह सिर्फ शुरूआत है, बल्कि आने वाले दिनों में और भी तेज, और भी आक्रामक अभियान चलाए जाएंगे, ताकि शहर की सड़कों पर अनुशासन कायम रहे और आम नागरिक खुद को सुरक्षित महसूस करें।



### जोनवार एक्शन का विवरण

**नगर जोन**

66 स्थानों पर चेकिंग
1,263 लोगों की जांच
171 पर सीधी कार्रवाई (168 चालान, 3 बीएनएसएस)

**ट्रांस हिंडन जोन**

51 स्थानों पर चेकिंग
884 लोगों की जांच
153 पर कार्रवाई (125 चालान, 14 बीएनएसएस)


**ग्रामीण जोन**

96 स्थानों पर चेकिंग
1,051 लोगों की जांच
33 पर कार्रवाई (25 चालान, 8 बीएनएसएस)

**भाजपा पार्षद ने व्हाट्सअप ग्रुप पर आकर ये बताया**

# मैं गया था मिलने मगर इसलिए वापस लौट आया...

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भाजपा पार्षद नीरज गोयल ने गुरूवार को नगर निगम मुख्यालय में पार्षदों की बैठक में ये कहा था कि मेयर सुनिता दयाल हमारी मुखिया है, हम उन्हें लैटर देने की बजाये व्यक्तिगत रूप से मिलकर अनुरोध करेंगे कि वे कार्यकारिणी की बैठक करें।


गाजियाबाद पार्षद...
Bjp Parmod, Parsha...

Parshad Neeraj Geol
बंधुवर प्रणाम,

आज दिनांक 24/04/2026 को प्रातः 11 बजे मैं कार्यकारिणी बैठक के विषय को लेकर माननीय महापौर कैंप कार्यालय गया था। वहां जानकारी मिली कि महापौर जी की बिटिया घर पर आई हुई हैं, जिस कारण **आज महापौर जी से मुलाकात संभव नहीं हो सकी।**
अतः मैं वापस लौट आया।

**पार्षद नीरज गोयल**
सीताराम बाजार वाले
Edited 11:52

नीरज गोयल अपने वायदे के अनुसार शुक्रवार को मेयर सुनिता दयाल से मिलने गये। उनकी मुलाकात नहीं हो सकी और उन्होंने ये बात पार्षद ग्रुप में मैसेज कर बताई। पार्षद नीरज गोयल ने पार्षदों के लिए बने व्हाटसअप ग्रुप में सूचना दी कि मैं सुबह 11 बजे मेयर सुनीता दयाल से मिलने उनके कैम्प कार्यालय पर गया था। वहां जाकर पता चला कि उनकी बिटिया घर पर आयी हुई है इसलिए मेयर से मुलाकात संभव नहीं हो पायी। इसलिए मैं वापस लौट आया। पार्षद नीरज गोयल ने अपने वादे को पूरा किया। वो तय समय पर अनुरोध के लिए मेयर आवास पर पहुंचे। जब उनकी मुलाकात नहीं हो पायी तो उन्होंने मुलाकात के कारण को बताते हुए पार्षदों को समय से सूचित कर दिया।



**दमदम की रैली में टीएमसी पर जमकर बरसे मोदी**

# 'बंगाल का गौरव लौटाने के लिए तृणमूल से आजादी जरूरी' : पीएम




**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के दमदम में जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा बंगाल में परिवर्तन की जो लहर दिख रही थी, कल पहले चरण के मतदान ने उस पर मुहर लगा दी है। पीएम मोदी ने कहा कि कल भाजपा के पक्ष में जो समर्थन दिखा है, उसने भाजपा की विजय का शंखनाद कर दिया है।

**तृणमूल के भय, भ्रष्टाचार से आजादी जरूरी :** प्रधानमंत्री ने कहा कि बंगाल का गौरव फिर से लौटाने के लिए, बंगाल को फिर से अवसरों की भूमि बनाने के लिए तृणमूल कांग्रेस के भय, भ्रष्टाचार, सिंडिकेट, पलायन, बेरोजगारी और बेकारी और घुसपैठियों, बेटियों पर अत्याचार से आजादी बहुत जरूरी है।

प्रधानमंत्री ने टीएमसी पर तगड़ा हमला करते हुए कहा बंगाल में टीएमसी ने लोकतंत्र के मंदिर को कुचल दिया था। पहले चरण के मतदान में जनता ने लोकतंत्र के मंदिर का पुनर्निमाण कर दिया है और दूसरे चरण में इस मंदिर पर विजय ध्वज फहराना है। पीएम मोदी ने कहा कि टीएमसी का दीया बुझने से पहले फड़फड़ा रहा है। 4 मई को नतीजे आने के बाद टीएमसी के गुंडों को बंगाल में छुपने की जगह नहीं मिलेगी।

**पीएम मोदी बोले- ये क्रांति की बेला है और वोट से ही क्रांति होगी :** प्रधानमंत्री ने कहा, गुलामी की बेड़ियां तोड़ने के लिए नेताजी सुभाषचंद्र बोस ने राष्ट्र का आह्वान किया था- तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हे आजादी दूंगा।

**बौबाजार में चुनावी रैली में ममता बनर्जी ने प्रधानमंत्री और भाजपा पर जमकर निशाना साधा**

# 'वे बनावटी झालमुड़ी खुद खा रहे हैं, मैं जनता को भेलपुरी खिलाऊंगी', सीएम ने मोदी के वीडियो पर उठाए सवाल

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बौबाजार में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री और भाजपा पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि 'वे झालमुड़ी का वादा कर रहे हैं, लेकिन मैं आपको भेलपुरी खिलाऊंगी।' उन्होंने आरोप लगाया कि झारग्राम में प्रधानमंत्री के झालमुड़ी खाने का कार्यक्रम पहले से तैयार किया गया था।

ममता बनर्जी ने दावा किया कि दुकान पर पहले से सीसीटीवी और टीवी कैमरे लगाए गए थे।

उन्होंने तंज कसते हुए कहा, 'सुरक्षा के नाम पर झालमुड़ी घर से बनाकर लाई गई थी और दुकानदार को सिर्फ 10 रुपये दिए गए।'



भारतीय जनता पार्टी पर हमला बोलते हुए उन्होंने कहा, 'वे कहते हैं कि जीतने पर झालमुड़ी खाएंगे, लेकिन मैं कहती हूं कि दिल्ली से आपको भेलपुरी खिलाऊंगी। चुनाव जीतने के लिए झालमुड़ी दिखा रहे हैं।'

मुख्यमंत्री ने आगे कहा, 'हम तीखी झालमुड़ी के आदी हैं, लेकिन क्या आपने कभी मछली और चिकन करी खाई है? मैं आपका ढोकला खाती हूं, डोसा खाती हूं, लिट्टी, ठेकुआ और सत्तू भी खाती हूं। ईद पर सेवइयां और हलवा भी खाती हूं, मुझे धर्म मत सिखाइए।'

इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी कृष्णानगर में रैली के दौरान तृणमूल कांग्रेस पर तीखा हमला बोला था। उन्होंने कहा कि उनकी झालमुड़ी ने सत्तारूढ़ पार्टी को जोरदार झटका दिया है। टीएमसी पर घुसपैठ को संरक्षण देने और जंगलराज को बढ़ावा देने का आरोप लगाया।

## बंगाल में मतदान का 2011 का रिकॉर्ड पीछे छूटा, तब ममता ने उखाड़ फेंकी थी वाम सरकार

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में पहले चरण के विधानसभा चुनाव के दौरान 92 फीसदी से अधिक मतदान ने 2011 के ऐतिहासिक रिकॉर्ड को भी पीछे छोड़ दिया। तब परिवर्तन की लहर थी और ममता बनर्जी के नेतृत्व में तृणमूल कांग्रेस ने वाम सरकार को सत्ता से उखाड़ फेंका था।

इस बार असल सवाल यही है कि क्या रिकॉर्ड वोटिंग सत्ता के समर्थन का संकेत है या बदलाव की इच्छा का? क्या यह केवल उत्साह है या इसके पीछे कोई बड़ा राजनीतिक संदेश छिपा है। इन



सवालों के जवाब जानने के लिए जरूरी है कि 2011, 2016, 2021 और अब 2026 के मतदान ट्रेंड को एक साथ देखा जाए, क्योंकि बंगाल में मतदान प्रतिशत अक्सर चुनावी नतीजों की दिशा का संकेत भी देता रहा है। हालांकि, अभी यह पहले चरण का मतदान है जबकि दूसरे चरण का मतदान अभी होना है।

## ट्रेन डकैती की साजिश में नौ महिलाएं गिरफ्तार


**महाराष्ट्र।** महाराष्ट्र में सिद्धेश्वर एक्सप्रेस में डकैती की योजना बनाने के आरोप में मध्य रेलवे के रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने नौ महिलाओं को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने गुरुवार को यह जानकारी दी।

मध्य रेलवे के अनुसार, बुधवार रात कुदुर्वाड़ी रेलवे स्टेशन पर ड्यूटी पर तैनात आरपीएफ अपराध रोकथाम और जांच दल ने प्लेटफॉर्म पर तीन महिलाओं को संदिग्ध रूप से घूमते हुए देखा। जांच के बाद उन्हें स्टेशन परिसर से बाहर जाने के लिए कहा गया, जिसके बाद वे लातूर एक्सप्रेस में सवार हो गईं। आरपीएफ कर्मियों ने डिवीजन के अन्य स्टेशनों को सूचना देकर उन पर नजर रखने को कहा। संदिग्ध महिलाएं जेउर स्टेशन पर उतरीं और फिर मुंबई-सोलापुर सिद्धेश्वर एक्सप्रेस में चढ़ गईं। आरपीएफ टीम ने उन पर निगरानी जारी रखी और उन्हें सोलापुर स्टेशन पर हिरासत में ले लिया गया।

# बंगाल में 92% मतदान पर सीजेआई बेहद खुश

**प्रसन्नता**

**याचिकाकर्ता की दलील पर सीजेआई ने कहा, कृपया इस समस्या को अपीलीय ट्रिब्यूनल के सामने उठाएं।**



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को उन याचिकाओं पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया है, जिनमें पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनावों के दौरान चुनाव ड्यूटी पर तैनात कुछ लोगों के नाम वोटर लिस्ट से कथित तौर पर हटाए जाने के मामले में कोर्ट के दखल की मांग की गई थी। याचिकाकताओं की तरफ से पेश वकील ने सीजेआई सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली बेंच को बताया कि जो लोग चुनाव करवा रहे हैं, वे भी वोट नहीं डाल पा रहे हैं। इस दौरान मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के पहले चरण में 92 प्रतिशत मतदान पर खुशी व्यक्त की है।

याचिकाकर्ता की दलील पर सीजेआई ने कहा, कृपया इस समस्या को अपीलीय ट्रिब्यूनल के सामने उठाएं।

# जाली दस्तावेजों से 20 करोड़ की कमाई

## मिलावटी उत्पाद निर्यात कर रही कंपनी पर शिकंजा

**हिरासत**

**धन शोधन की जांच के सिलसिले में सुनील त्रिपाठी को गिरफ्तार**




**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी), भोपाल क्षेत्रीय कार्यालय ने जयश्री गायत्री फूड प्रोडक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड (जेजीएफपीपीएल) और अन्य से संबंधित चल रही धन शोधन की जांच के सिलसिले में सुनील त्रिपाठी को गिरफ्तार किया है। विशेष न्यायालय (पीएमएलए), भोपाल ने आरोपी को 28 अप्रैल तक ईडी की हिरासत में भेज दिया है। मेसर्स जयश्री गायत्री फूड प्रोडक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड के पूर्व सीईओ, आरोपी सुनील त्रिपाठी ने ईडी की जांच में सहयोग नहीं किया। ईडी द्वारा जारी किए गए कई ईमेल संदेश और समन को जानबूझकर नजरअंदाज किया। आरोप है कि इस मामले में जाली दस्तावेजों के बल पर कंपनी ने मिलावटी उत्पादों का निर्यात कर 20 करोड़ रुपये की आपराधिक आय एकत्रित की। खास बात है कि कंपनी के प्रतिनिधियों ने निर्यात निरीक्षण एजेंसी (ईआईए) को जाली लैब रिपोर्ट प्रस्तुत की थी।

ईडी ने एक अप्रैल को गुजरात के वडोदरा स्थित त्रिपाठी के परिसर में पीएमएलए, 2002 की धारा 17 के तहत तलाशी ली थी। इसमें कई आपत्तिजनक दस्तावेज और उपकरण जब्त किए गए। 9.36 लाख रुपये की खाता शेष राशि फ्रीज कर दी गई है। इससे पहले उक्त मामले में, ईडी ने मेसर्स जेजीएफपीपीएल के प्रबंध निदेशक किशन मोदी को 13 मार्च को पीएमएलए, 2002 के प्रावधानों के तहत गिरफ्तार किया था। वे अभी न्यायिक हिरासत में हैं।

ईडी ने मेसर्स जयश्री गायत्री फूड प्रोडक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड के निदेशकों और अधिकारियों के खिलाफ आईपीसी, 1860 की विभिन्न धाराओं के तहत भोपाल के हबीबगंज पुलिस स्टेशन और ईओडब्ल्यू, भोपाल द्वारा दर्ज एफआईआर के आधार पर मनी लॉन्ड्रिंग की जांच शुरू की है।

# 'आप' के राघव बीजेपी के साथ

## 'पीएम मोदी के नेतृत्व पर पूरा भरोसा'

**राघव के अलावा अशोक मित्तल और संदीप पाठक ने भी भाजपा का दामन थाम लिया है।**



**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के नेता और सांसद राघव चड्ढा ने शुक्रवार को पार्टी से इस्तीफा देने का एलान कर दिया। साथ ही भाजपा में शामिल होने की भी घोषणा कर दी है। राघव के अलावा अशोक मित्तल और संदीप पाठक ने भी भाजपा का दामन थाम लिया है।

दरअसल केजरीवाल और राघव चड्ढा में दूरियां उसी दिन से नजर आने लगी थी जब केजरीवाल जेल में थे और राघव अपनी पत्नी परिनीति के साथ लंदन में घूमते व मस्ती की फोटो सोशल मीडिया पर अपलोड कर रहे थे। राघव को लोकसभा चुनाव में भी पंजाब से दूर रखा गया। औपचारिक तौर पर वे श्री आनंदपुर साहब सीट पर नजर आए थे। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि पिछले कुछ समय से राघव चड्ढा पार्टी के अहम मुद्दों पर अपेक्षाकृत शांत नजर आ रहे थे।

विपक्ष जहां इसे आप के अंदरूनी मतभेद का संकेत बता रहा है। वहीं पार्टी के वरिष्ठ नेता संजय सिंह और नए उपनेता डॉ. अशोक कुमार मित्तल ने इसे एक सामान्य संगठनात्मक प्रक्रिया करार दिया है, जिसका मकसद अन्य सांसदों को भी जिम्मेदारी देना है।

# सीएम के चेहरे के लिए केरल में नतीजों से पहले कांग्रेस में घमासान



**तिरुवनंतपुरम।** केरल में चुनाव नतीजों से पहले सियासी माहौल गर्म हो गया है, लेकिन इस बार मुकाबला केवल विपक्ष और सत्तारूढ़ गठबंधन के बीच नहीं, बल्कि कांग्रेस के भीतर भी दिखाई दे रहा है। कांग्रेस के नेतृत्व वाले यूडीएफ में मुख्यमंत्री पद को लेकर शुरू हुई अंदरूनी खींचतान ने पार्टी की मुश्किलें बढ़ा दी हैं।

राज्य में 9 अप्रैल को मतदान हो चुका है और अब 4 मई को नतीजों का इंतजार है। करीब 10 साल बाद सत्ता में वापसी की उम्मीद लगाए यूडीएफ खेमे में उत्साह तो है, लेकिन इसी बीच नेतृत्व को लेकर उठी बहस ने माहौल असहज कर दिया है।

केरल की राजनीति में लंबे समय तक हर चुनाव में सत्ता बदलने की परंपरा रही है, लेकिन 2021 में सीपीआई (एम) के नेतृत्व वाले वाम लोकतांत्रिक मोर्चे ने दोबारा सरकार बनाकर इस परंपरा को तोड़ दिया था।

ऐसे में इस बार का चुनाव कांग्रेस और यूडीएफ के लिए बेहद अहम माना जा रहा है। इसी बीच कांग्रेस के भीतर मुख्यमंत्री चेहरे को लेकर खुलकर दावेदारी सामने आने लगी है। वरिष्ठ नेता रमेश चेन्निथला, विपक्ष के नेता वी डी सतीशान और संगठन महासचिव के सी वेणुगोपाल के समर्थक सार्वजनिक रूप से अपने-अपने नेता को मुख्यमंत्री बनाने की मांग कर रहे हैं।

## फॉक्सकॉन प्लांट के शौचालय में भ्रूण मिला, एफआईआर दर्ज

**बंगलूरू:** ताइवान की इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनी फॉक्सकॉन के देवनहल्ली स्थित कार्यालय में महिलाओं के शौचालय में भ्रूण मिलने के बाद पुलिस ने मामला दर्ज किया है। फॉक्सकॉन हॉन हाई टेक्नोलॉजी इंडिया मेगा प्राइवेट लिमिटेड ने गुरुवार को जारी एक बयान में कहा कि वह स्थानीय अधिकारियों के साथ मिलकर काम कर रही है।

पुलिस के अनुसार, भ्रूण मंगलवार रात को विश्वनाथपुरा पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत डोड्डागोल्लाहल्ली गांव में फॉक्सकॉन सुविधा के भवन ए41 में मिला था। कंपनी के एक कर्मचारी द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के आधार पर, पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 93 (बच्चे के शव को गुप्त रूप से ठिकाने लगाकर जन्म छुपाना) और 103 (हत्या) के तहत मामला दर्ज किया। कंपनी के सुरक्षा विभाग में वरिष्ठ अभियंता वीएस कृष्णराज द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के अनुसार, मामला शुरू में एक सामान्य साफ-सफाई संबंधी समस्या प्रतीत हुआ।

# कलियुगी बेटे ने दी बुजुर्ग पिता को खौफनाक मौत

**फिरोजाबाद।** फिरोजाबाद के शिकोहाबाद में चर्चित सुघर सिंह हत्याकांड में पुलिस को बुधवार रात सफलता हाथ लगी। अपने पिता की सोते समय सब्बल से प्रहार कर हत्या करने के आरोपी जर्मन सिंह की बुधवार रात मुठभेड़ में गिरफ्तार हुई। उसके पैर में गोली लगी है। वह शुक्रवार को कोर्ट में सरेंडर करने वाला था।



पूछताछ में आरोपी जर्मन सिंह ने बताया कि पिता सुघर सिंह अपने हिस्से की पूरी जमीन बड़े भाई मलखान सिंह और उसके बेटे रत्नेश के नाम करने पर आमादा थे। उसे पुख्ता सूचना मिली थी कि बीते सोमवार को पिता तहसील जाकर रजिस्ट्री करने वाले थे। इसी बात से क्षुब्ध होकर उसने रविवार को ही पिता को रास्ते से हटाने की साजिश रच डाली। रविवार दोपहर 2 बजे उसने घर से सब्बल उठाया और खेत पर तारबंदी का बहाना बनाकर निकल गया। वह खेत पर ही छिप गया। रात 8 बजे जब बड़ा भाई मलखान खेत से घर चला गया, तब चारपाई पर सो रहे पिता के सिर पर सब्बल से वार कर उन्हें मौत के घाट उतार दिया। हत्या के बाद उसने पत्नी सुनीता को फोन कर बच्चों समेत भागने को कहा और खुद रात में 10 किमी पैदल चलकर जंगलों में छिप गया। इसके बाद वह आगरा अपने एक रिश्तेदार के पास फरारी काटने पहुंच गया।

आरोपी ने एक अधिवक्ता के माध्यम से कोर्ट में सरेंडर अर्जी भी दाखिल कर दी थी, जिस पर शुक्रवार को सुनवाई होनी थी। कानूनी सलाह के अनुसार, वह हत्या में प्रयुक्त सब्बल को ठिकाने लगाने की कोशिश में था ताकि पुलिस को सबूत न मिलें।

## चुनाव आयोग के निर्देश पर पुलिस अधिकारी निलंबित

**परगना।** पश्चिम बंगाल में चुनावी तैयारियों के बीच चुनाव आयोग ने उत्तर 24 परगना जिले के हिंगलगंज थाने के प्रभारी (ओसी) संदीप सरकार को निलंबित कर दिया है। गुरुवार रात जारी आदेश में उन्हें तत्काल प्रभाव से ड्यूटी से हटाने के निर्देश दिए गए हैं। हालांकि आदेश में निलंबन का विस्तृत कारण नहीं दिया गया है, लेकिन आयोग के सूत्रों के अनुसार यह कार्रवाई ड्यूटी में लापरवाही के चलते की गई है।

राज्य के मुख्य सचिव दुश्यंत नारियाला को आयोग के निर्देशों के अनुसार आगे की कार्रवाई करने को कहा गया है। आयोग ने यह भी निर्देश दिया है कि उनकी जगह तत्काल किसी अन्य अधिकारी को जिम्मेदारी सौंपी जाए। निलंबन के साथ-साथ संदीप सरकार के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई के भी आदेश दिए गए हैं। गौरतलब है कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह शुक्रवार को हिंगलगंज में एक जनसभा को संबोधित करने वाले हैं। इससे पहले ही चुनाव आयोग ने हिंगलगंज थाने के ओसी को उनके पद से हटा दिया है।

# बेटी की सफलता देख रो पड़ा मजदूर 10वीं में हासिल किए शानदार अंक



**आगरा।** मेधा है और कुछ कर जाने का जज्बा भी तो आर्थिक तंगी बाधा नहीं बन सकतीं। बोदला के शारदा विहार की पायल ऐसी ही होनहार बिटिया है, जिसने पापा के सपने को पूरा करने के लिए कसर नहीं छोड़ी। लगन की ऐसी कील ठोंकी कि हाईस्कूल में 88.16 फीसदी अंक प्राप्त किए हैं।

ज्ञान इंटर कॉलेज, दहतौरा में पढ़ने वाली पायल ने बताया कि पिताजी कारगिल पेट्रोल पंप के पास मजदूरी का कार्य करते हैं। इनकी मेहनत को देखकर ठान लिया कि खूब पढ़ूंगी और बड़ी होकर पिता का नाम रोशन करूंगी। इसके लिए वे रोजाना 6- 8 घंटे पढ़ती हैं। भविष्य में वे शिक्षक बनना चाहती हैं। पिता जीतू बोले कि चार बेटी, दो बेटे हैं। घंटों जूतों के कार्य कर 10-12 हजार कमा लेता हूं।

छह बच्चों की पढ़ाई और परिवार का खर्च बमुश्किल चलता है। कई बार फीस भरने की भी दिक्कत आई। लगा कि किसी बच्चे की पढ़ाई बीच में रोकनी पड़ेगी। बच्चों के पढ़ाई के प्रति हौसला देखते हुए मैंने ज्यादा मेहनत की, लेकिन पढ़ाई नहीं रुकने दी। बिटिया की मां आरती का कहना है कि बिटिया के अंक देखकर मेहनत, तंगी सब कुछ भूल गई हैं। भगवान से यही प्रार्थना है कि ऐसे ही बिटिया आगे बढ़ती रहे।

# चेतावनी! भारत में पर्यावरणीय संकट गंभीर

## देश में हर साल निकल रहा 1.566 करोड़ टन जहरीला कचरा

**नई दिल्ली।** भारत में हर साल 1.566 करोड़ मीट्रिक टन खतरनाक औद्योगिक कचरा पैदा हो रहा है। यह हाल तब है जबकि आधिकारिक रिकॉर्ड में पूरे देश में 200 से भी कम प्रदूषित या संभावित रूप से प्रदूषित स्थल दर्ज हैं। यूनिवर्सिटी ऑफ ब्रिस्टल के नेतृत्व में किए गए एक अंतरराष्ट्रीय अध्ययन ने इस बड़े अंतर को गंभीर चिंता का विषय बताया है।



शोधकताओं के अनुसार इसका अर्थ है कि देश में बड़ी संख्या में ऐसे प्रदूषित इलाके मौजूद हो सकते हैं, जिनकी अभी तक पहचान नहीं हुई है। एनवायर्नमेंटल डेवलपमेंट पत्रिका में प्रकाशित इस अध्ययन के अनुसार यह समस्या केवल पर्यावरण तक सीमित नहीं है, बल्कि मानव स्वास्थ्य, भूजल, खाद्य सुरक्षा और वन्यजीवों के लिए भी दीर्घकालिक खतरा बन सकती है। प्रदूषित भूमि वे स्थान होते हैं जहां मिट्टी, भूजल या जमीन के नीचे जहरीले रसायन जमा हो जाते हैं। यह स्थिति आमतौर पर उद्योगों, फैक्ट्रियों, खनन गतिविधियों और खतरनाक कचरे के गलत निपटान के कारण पैदा होती है। इन जहरीले पदार्थों में सीसा, पारा और कैडमियम जैसी भारी धातुएं शामिल होती हैं। भारी धातुएं ऐसे तत्व होते हैं जो कम मात्रा में भी शरीर के लिए बेहद हानिकारक हो सकते हैं।

**स्विट्जरलैंड में अधिक प्रदूषण स्थल :** तुलना के तौर पर स्विट्जरलैंड जैसे छोटे देश में, जहां औद्योगिक गतिविधियां भारत की तुलना में काफी कम हैं, वहां भारत की तुलना में अधिक प्रदूषित स्थल दर्ज हैं। यह स्थिति भारत में निगरानी और दस्तावेजीकरण की कमी की ओर संकेत करती है।

शोधकताओं के अनुसार भारत में प्रदूषित भूमि से संबंधित नीतियां कई अलग-अलग विभागों में बंटी हुई हैं। कहीं मिट्टी की गुणवत्ता पर ध्यान दिया जाता है, कहीं निपटान पर काम होता है।

इस बिखरी हुई व्यवस्था के कारण समग्र भूजल की निगरानी होती है तो कहीं खतरनाक कचरे के तस्वीर स्पष्ट नहीं हो पाती।

## तेल खराब मिलने पर 14 फर्मों पर प्रतिबंध

### बनाने- बेचने, वितरण और भंडारण पर भी लगी रोक

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में मानक के विपरीत बिक्री पर 14 फर्मों के खाद्य तेलों एवं अन्य उत्पादों पर पाबंदी लगा दी गई है। ये फर्में खाद्य तेल और वसायुक्त किसी भी उत्पाद को नहीं बना सकेंगी। इनके उत्पाद की बिक्री, भंडारण और वितरण प्रतिबंधित किया गया है। यह प्रतिबंध खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की आयुक्त डा. रोशन जैकब ने लगाया है।



प्रदेश में खाद्य तेलों में मिलावट की शिकायत पर 23 फरवरी को प्रदेशभर में 58 टीमों ने 64 खाद्य तेल इकाइयों की जांच की। इसमें 56 इकाइयों से 206 नमूने लिए गए। नमूनों की जांच भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण द्वारा अधिकृत प्रयोगशालाओं में कराई गई। जांच में संबंधित नमूने असुरक्षित और अधोमानक पाए गए हैं। कुछ उत्पादों में लेड तत्व की अधिक मात्रा पाई गई है, जो मानव जीवन के लिए खतरनाक है। कई उत्पादों में अनधिकृत रूप से एक से अधिक खाद्य तेलों का मिश्रण किया गया। फोर्टिफाइड तेलों में विटामिन की मात्रा कम पाई गई, जिससे उपभोक्ताओं को धोखा दिया जा रहा था। ऐसे में इन कंपनियों के तेल और वसायुक्त उत्पादों पर प्रतिबंध लगा लगा दिया गया है।

**सेहत से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं - डॉ. रोशन जैकब, आयुक्त एफएसडीए :** खाद्य पदार्थ एवं वसा तेल में लेड तत्व की अधिक मात्रा सेहत के लिए हानिकारक है। इसी तरह अलग- अलग पैरामीटर पर अधोमानक पाए गए उत्पादों की फर्मों पर प्रतिबंध लगाया गया है।

# रिपोर्ट : 2031 तक देश में होंगे 25 हजार से ज्यादा अति धनाढ्य लोग

**नई दिल्ली।** रियल एस्टेट कंसल्टेंट नाइट फ्रैंक की रिपोर्ट के अनुसार, भारत में अगले पांच वर्षों यानी 2031 तक अरबपतियों की संख्या 51 प्रतिशत बढ़कर 313 हो जाएगी। रिपोर्ट के मुताबिक, भारत में अति-धनाढ्य व्यक्तियों (अल्ट्रा-हाई-नेटवर्थ-इंडिविजुअल, यूएचएनडब्ल्यूआई) की संख्या भी बढ़कर 25,217 तक पहुंचने का अनुमान है। यूएचएनडब्ल्यूआई वे लोग होते हैं, जिनकी कुल संपत्ति 3 करोड़ डॉलर या उससे अधिक होती है। वर्तमान में भारत में ऐसे 19,877 लोग और 207 अरबपति हैं।



नाइट फ्रैंक ने द्यद वेल्थ रिपोर्ट 2026ह्व का 20वां संस्करण जारी करते हुए कहा कि वैश्विक स्तर पर भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं, बढ़ती ब्याज दरों और असमान आर्थिक प्रदर्शन के बावजूद संपत्ति वृद्धि में तेजी आई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत में तकनीक, उद्योग और पूंजी बाजार में तेजी से हो रहे विस्तार के कारण संपत्ति में उल्लेखनीय वृद्धि देखी जा रही है। इससे वैश्विक संपत्ति परिदृश्य में भारत की भूमिका और मजबूत हो रही है।

**अति धनाढ्य लोग मुंबई में सबसे ज्यादा :** भारत में यूएचएनडब्ल्यूआई आबादी का 35.4 प्रतिशत हिस्सा मुंबई में केंद्रित है। इस समय भारत यूएचएनडब्ल्यूआई की संख्या के मामले में दुनिया में छठे स्थान पर है। वैश्विक स्तर पर यूएचएनडब्ल्यूआई की संख्या 2021 के 5,51,435 से बढ़कर 7,13,626 हो गई है।

वहीं भारत में पिछले पांच वर्षों में अरबपतियों की संख्या 58 प्रतिशत बढ़कर 207 हो चुकी है, जिससे देश इस मामले में अमेरिका (914) और चीन (485) के बाद तीसरे स्थान पर पहुंच गया है।

25 April -26 page 3 24-04-26 10:46 PM Page 1

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...






## महिला आरक्षण संशोधन अधिनियम का जब मचाया है इतना शोर ऐसे में बहुत मुश्किल होगा 2027 में महिला चेहरे को करना इग्नोर



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भाजपा संसद में महिला आरक्षण संशोधन अधिनियम बिल लेकर आयी। भाजपा की सरकार है उसके बावजूद ये प्रस्ताव पास नहीं हो पाया। भाजपा ने अपनी महिला कार्यकर्ताओं की रैलियां भी निकलवायी, एक माहौल भी बनाया और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्र को संबोधित भी किया। भाजपा ने पूरा ठिकरा विपक्ष पर फोड़ा और कहा कि विपक्ष महिला आरक्षण का विरोधी है। अब जो माहौल बना है वो ये बना है कि भाजपा महिलाओं को राजनीतिक भागीदारी देना चाहती है लेकिन विपक्ष ने ऐसा नहीं करने दिया। मगर सियासी जानकार ये मानकर चल रह हैं कि ये तस्वीर का पहलू है और तस्वीर का दूसरा पहलू भीहै। भाजपा ने माहौल तो बना दिया लेकिन एक साल बाद जब विधानसभा चुनाव की रणभेरी बजेगी और ऐसे में भाजपा के लिए बेहद मुश्किल होगा कि वो महिला चेहरों को इग्नोर करे।

महिला चेहरों को इग्नोर का मतलब ये होगा कि केवल ये पब्लिसिटी स्टंट था और अगर महिला चेहरों को मौका मिला तो वो एक नया इतिहास लिख सकते हैं। राजनीति की एक नयी शुरूआत हो सकती है। भाजपा की बात करें तो उसके पास कई दमदार महिला राजनीति के चेहरे हैं। ऐसे महिला चेहरें हैं जिन्होंने अपने दम पर खुद को स्थापित किया है। किसी चेहरे ने अपनी जगह ऐसी बनाई है कि उन्हें लगातार संगठन में रिपीट किया गया है। किसी ने ऐसे वार्ड में भाजपा को जीत दिलाई है जिस वार्ड से भाजपा आजतक नहीं जीत पाई। कोई ऐसा है जो सदस्यता अभियान में बहुत अच्छा स्कोर कार्ड लेकर आया है। चुनावी मेहनत की बात करें तो कई चेहरों के नाम आते हैं। यहां पर जिक्र उन चेहरों का हो रहा है जिन्हें एमएलसी चुनाव में मौका मिले और विधानसभा में मौका मिले तो वो इतिहास रच देने की क्षमता रखते हैं। सवाल यहां ये भी है कि भाजपा ने खुद माहौल बनाया है और अब गेंद भाजपा के पाले में है। अब यही पता चलेगा कि महिला चेहरों को क्या सिर्फ महिला आरक्षित सीट पर मौका मिलता है या उन्हें मुख्य चुनावी रण में उतारा जाता है।

### केवल मेयर या फिर होगी एमएलसी-एमएलए में भी केयर

करंट क्राइम। भाजपा की बात करें तो यहां अन्य दलों के मुकाबले भाजपा ही ऐसी पार्टी है जिसने पुरूष सीट पर महिला चेहरे को मौका दिया। जब सुरेन्द्र गोयल सांसद बने तो इधर शहर विधानसभा सीट खाली हुई। यहां पर सपा ने सुरेन्द्र मुन्नी, बसपा ने मुनीश पंडित और कांग्रेस ने सतीश त्यागी को टिकट दिया। भाजपा ने सुनिता दयाल को टिकट दिया। भाजपाने मेयर चुनाव में दमयंती गोयल को टिकट दिया, आशा शर्मा को टिकट दिया और सुनिता दयाल को टिकट दिया। सवाल ये है कि अब ये केयर केवल मेयर सीट पर ही रहेगी या एमएलसी ओर एमएलए सीट पर भी भाजपा महिला शक्ति वंदन के साथ आयेगी और किसी महिला चेहरे को चुनाव लड़ने का मौका देगी। हालाकि विधानसभा सीट पर भाजपा ने मोदीनगर को मंजू सिवाच को टिकट दिया, वो लगातार दूसरी बात विधायक हैं। ऐसे में ये तय है कि अगर भाजपा किसी महिला चेहरे को विधानसभा में मौका देती है तो उसका नारी सशक्तिकरण अभियान भी सफल माना जायेगा और नये चेहरे का ये प्रयोग कितना सफल होगा ये वक्त बतायेगा।

### कांग्रेस ने दिया है युवा महिला चेहरों को मौका , सपा-बसपा में लीडर की वाईफ

करंट क्राइम। महिला शक्ति की बात करें और उनकी राजनीतिक सहभागिता की बात करें तो इस मामले में कांग्रेस ने युवा चेहरे के साथ ये शुरूआत की है। कांग्रेस ने डॉली शर्मा के रूप में युवा चेहरे को मैदान में उतारा है। उन्हें महिलाआरक्षित सीट से लेकर सामान्य पुरूष आरिक्षत सीट पर भी चुनाव लड़ने का मौका दिया। दिवंगत राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव त्यागी की पत्नी संगीता त्यागी को साहिबाबाद विधानसभा से टिकट दिया। यहां पर समाजवादी पार्टी और बसपा की बात करें तो नेताओं की वाईफ को टिकट मिला है। बसपा ने सतपाल चौधरी की पत्नी मुन्नी चौधरी को मेयर टिकट दिया। जलालुददीन सिददीकी की पत्नी हसीना चौधरी को टिकट दिया। वहीं सपा ने अंजुला नागपाल को टिकट दिया। सिकन्दर यादव की पत्नी को टिकट दिया। अभिषेक गर्ग की पत्नी राशि गर्ग को टिकट दिया। सपा से बसपा में आये पीएन गर्ग की पत्नी को टिकट दिया। ये सभी चेहरे ना पॉलिटिकल प्रोफाईल के थे और ना ही कोई पॉलिटिकल लाईफ थी । इनकी खूबी इतनी थी कि सीट महिला आरक्षित थी और ये बड़े लीडर की वाईफ थीं।




## तेज धूप से राहत की पहल : रेड लाइट्स पर ग्रीन नेट लगाकर नगर निगम ने बढ़ाया सुकून


**'शीतल' समाधान**

### हापुड़ चुंगी रेड लाइट पर चारों दिशाओं में ग्रीन नेट लगाए गए



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** जिले का तापमान 41 तक पहुंच गया है, तो भीषण गर्मी और लगातार बढ़ते तापमान के बीच आम लोगों को राहत देने के लिए गाजियाबाद नगर निगम ने सराहनीय पहल करते हुए शहर के प्रमुख चौराहों पर ग्रीन नेट लगाने का कार्य शुरू कर दिया है। इसी क्रम में हापुड़ चुंगी रेड लाइट पर चारों दिशाओं में ग्रीन नेट लगाए गए हैं, जिससे यहां रुकने वाले वाहन चालकों और राहगीरों को तेज धूप से काफी हद तक राहत मिल रही है। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के निर्देश पर निर्माण विभाग द्वारा इस कार्य को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया गया है। लगाए गए ग्रीन नेट का स्ट्रक्चर मजबूत और स्थायी रूप से तैयार किया गया है, ताकि यह व्यवस्था लंबे समय तक प्रभावी बनी रहे और बार-बार बदलने की जरूरत न पड़े। मुख्य अभियंता निर्माण नरेंद्र कुमार चौधरी को निर्देश दिए गए हैं कि शहर के अन्य व्यस्त चौराहों और रेड लाइट्स पर भी इसी तरह की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। इसके तहत मोहन नगर, ठाकुरद्वारा और वसुंधरा रेड लाइट को प्राथमिकता में रखते हुए वहां भी अस्थायी रूप से ग्रीन नेट लगाने की योजना बनाई जा रही है।

### हापुड़ चुंगी पर लगाए गए ग्रीन नेट्स





करंट क्राइम : हापुड़ चुंगी पर लगाए गए ग्रीन नेट का असर तुरंत देखने को मिल रहा है। रेड सिग्नल पर रुकने वाले वाहन चालक अब ग्रीन नेट के नीचे छांव में खड़े होकर धूप से बचाव कर रहे हैं। खासतौर पर दोपहिया वाहन चालकों और पैदल यात्रियों को इससे बड़ी राहत मिली है। स्थानीय लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए नगर निगम की टीम को धन्यवाद दिया है। नगर निगम के अधिकारियों का कहना है कि गर्मी के इस दौर में आमजन को राहत पहुंचाना प्राथमिकता है। इसी उद्देश्य से शहर के विभिन्न हिस्सों में छांव की व्यवस्था, पेयजल की उपलब्धता और अन्य जरूरी सुविधाएं भी सुनिश्चित की जा रही हैं। आने वाले दिनों में ग्रीन नेट लगाने का यह अभियान और तेज किया जाएगा, ताकि अधिक से अधिक लोग तेज धूप के प्रभाव से बच सकें।

## गूंज उठा जब सियासी दफ्तर नारी शक्ति घमासान के कठोर नारों से

### इतना हाई वोल्टेज था शब्दों का करंट कि दूर से ही सब कराते रहे चुप




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** नारी शक्ति का किस्सा चल रहा है। संसद में नारी शक्ति अधिनियम खारिज हो गया। सत्ताधारी दल ने विपक्ष के नेताओं के पोस्टर जला डाले। महिलायें नारी शक्ति का अहसास कराती सड़कों पर उतरीं। नारी में कितनी शक्ति है और नारी का गुस्सा कैसा होता है, इसका गवाह सियासी दफ्तर बना। शुक्र ये था कि यहां नारी बनाम नारी मैदान में थीं और इतना जबरदस्त घमासान था कि सुनने वालों ने अपने कान बंद कर लिये। जो लोग इस किस्से के आईविटनेस थे उन्हें भी ये फील हो रहा था कि अगर दोनों को ज्यादा जोर से चुप कराने की कोशिश की तो शांति कायम कराने वालों की फिटनस ये महिलायें कर देंगी। इस जंग की शुरूआत जब सियासी दफ्तर पर एक बैठक चल रही थी।

नारी शक्ति की बैठक थी और लगभग 50 महिलायें मौजूद थीं। यहां पर दो नारी ऐसी भी आ गयी जिनके पास एक सी जिम्मेदारी है। बताते हैं कि यहां सारा फसाना ही ताना मारने से शुरू हुआ। एक नारी ने दूसरी नारी पर कुछ तंज कसा। इस तंज का रंज पहली को हुआ और उसने भी पलटकर वार किया। ताने का जवाब ताना था लेकिन यहां धीरे धीरे शब्द कठोर होते चले गये। सुर ऊंचा होता चला गया और फिर नौबत एक दूसरे के ऊपर व्यक्तिगत तरीके से कीचड़ उछालने पर आ गयी। ऐसे ऐसे एलिगेशन लगे कि सुनने वालों ने कान बंद कर लिये। गुस्सा इतना हाई कि रोके से कोई रूकने को तैयार नहीं। शब्दों की ये जंग पांच या दस मिनट नहीं बल्कि पूरे तीस मिनट तक चली। आधा घंटे तक सियासी दफ्तर बीप बीप की गूंज से थर्रा उठा। एलिगेशन की फायरिंग हुई और बताया ये जाता है कि इस सियासी दफ्तर पर ऐसी जबरदस्त लड़ाई अब से पहले कभी नहीं हुई। यहां जो कुछ हुआ उसकी गूंज दिल्ली से लेकर लखनऊ तक पहुंची है। फीमेल लीडर भी इस पूरे घटनाक्रम को घोर अनुशासनहीनता में ही कंसीडर कर रही हैं।

बहरहाल इस मामले में सियासी दल का नेतृत्व फैसला लेगा। लेकिन सियासी दफ्तर पर भरी बैठक में ये जो शब्दों की सुनामी आयी है इसकी चर्चा पूरे सियासी दल में गूंज रही है। फि लहाल चर्चा यही है कि शब्दों की फाइट करने वाली ये दोनों महिलाएं काफी कर्मठ है।

## भाजपा पार्षद बैठे जब मिलकर तो तय हुआ फिर से ये फंडा टूर होगा लग्जरी और स्थान चुना जायेगा ठंडा

### ठंडा स्थान कौन सा होगा ये अभी तय होना है

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** पार्षद मिलकर लैंसडाउन के टूर पर गये थे। वहां के मेयर ने स्वागत किया और यहां के सांसद ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मौजूदा डिप्टी मेयर और पूर्व डिप्टी मेयर ने नाश्ते से लेकर भोजन का इंतजाम जबरदस्त किया। पार्षद उस टूर से हैप्पी फील कर रहे हैं। पार्षदों ने एलान कर दिया कि अब गोवा जायेंगे। बीच में कहीं से जिम कॉरबेट की भी आवाज सुनाई दी। सूत्र बताते हें कि गोवा वाले टूर में विकास वाले किसी टैंडर का रोड़ा अटक गया। अब जो भी हो लेकिन बताते हैं कि टूर का मुददा राह भटक गया। पार्षदों से उनकी राय मांग ली गयी थी। लेकिन गोवा वाली उड़ान भरी नहीं गयी। निगम मुख्यालय में जब पार्षद बैठक करने आये तो यहां टूर के मुददे पर फिर से विचार विमर्श हुआ। टूर का मुद्दा टूर के ऑगेनाईजर और निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष प्रवीण चौधरी ने ही किया। उन्होंने कहा कि टूर लगेगा और जरूरी लगेगा। यहां पर बताया गयाकि गोवा जाने से इस मौसम में कोई लाभ नही है। गोवा में काफी गर्मी है। बताया जाता है कि इसके बाद ये तय हुआ कि टूर तो जरूर जायेगा और फंडा ये रहेगा कि मौसम को देखते हुए स्थान ठंडा चुना जायेगा। ये ठंडा स्थान कौन सा होगा ये अभी तय होना है लेकिन टूर ठंडे स्थान पर जायेगा इसकी पुष्टि निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष प्रवीण चौधरी ने कर दी है। उन्होंने बता दिया है कि टूर की योजना तैयार हो रही है और ठंडे स्थान पर प्रोग्राम रखा जायेगा।



25 April -26 page 4 24-04-2026 10:26 PM Page 1



## संपादकीय

# ईरान अमेरिका तनाव जारी

युद्धविराम की अवधि समाप्त होने से करीब अढाई घंटे पहले राष्ट्रपति ट्रंप ने बेमियादी युद्धविराम की घोषणा कर दी। जब तक अमरीका और ईरान के बीच बातचीत नहीं होती, तब तक युद्धविराम जारी रहेगा। दूसरी तरफ, ईरान अपनी मांग और शर्त पर अड़ा है कि जब तक होर्मुज और ईरानी बंदरगाहों की नाकेबंदी खत्म नहीं की जाती, तब तक कोई वार्ता नहीं होगी। ईरान ने डाकिए पाकिस्तान की दोगली भूमिका पर भी सवाल उठाए हैं। बल्कि अब ईरान को भरोसा नहीं है कि पाकिस्तान तटस्थ संदेशवाहक की भूमिका भी निभा सकता है। अमरीकी खुफिया एजेंसी ने भी रपट दी है कि पाकिस्तान का फील्ड मार्शल जनरल मुनीर अमरीका के साथ विश्वासघात साबित हो सकता है। वह मार दिए गए ईरानी जनरल सुलेमानी के बहुत करीब था और आज भी आईआरजीसी के कमांडरों से उसके अच्छे संबंध हैं। बहरहाल अब अमरीकी राष्ट्रपति की जुबानी भाषा काफी बदल चुकी है। अब वह ईरान को पाषाण-युग में भेजने और सभ्यता को नष्ट करने सरीखे बयान नहीं दे रहे हैं। अब ट्रंप तबाही, बबार्दी के बहुत कम बयान देने लगे हैं। अब राष्ट्रपति ट्रंप और ईरान युद्ध का फोकस होर्मुज जलडमरूमध्य मार्ग पर आ गया है। अमरीकी नाकेबंदी अभी जारी रहेगी, लेकिन ईरानी सैनिक कंटेनर जहाजों पर हमले कर रहे हैं। ईरान ने तीन जहाजों पर हमले भी किए हैं और दो जहाजों को जब्त कर लिया है। एक जहाज भारत के मुंद्रा, गुजरात बंदरगाह पर आना था। अमरीका की भारी-भरकम नौसेना ईरान का कुछ भी बिगाड़ नहीं पाई अथवा अब नरमी बरती जा रही है। ईरान का परमाणु कार्यक्रम और करीब 440 किग्रा परिष्कृत यूरेनियम का मुद्दा काफी पीछे छूट गया है। भारतीय रक्षा विशेषज्ञों के दावे हैं कि अमरीका, अंतत:, ईरान को परमाणु कार्यक्रम जारी रखने की 20 साल की मोहलत देगा। उसके बाद ईरान को उसे समेट कर अमरीका को सौंपना होगा। किसने देखे 20 साल! न तो हम होंगे और ट्रंप भी निश्चित रूप से ऐसी हैसियत में नहीं होंगे। मुद्दे को टालने का फैसला किया जा सकता है। ईरान की मिसाइल रेंज कम करना अथवा उन्हें बैलिस्टिक एक हद तक ही रखना भी अब फोकस में नहीं है। दरअसल अब राष्ट्रपति ट्रंप युद्ध से बाहर निकलना चाहते हैं। उन्हें ऐसी रपटें दी गई हैं कि थाड, पैट्रियट, सटीक, एसएम श्रेणी की, उच्चतम स्तर की, मिसाइलें 50 फीसदी से 20 फीसदी तक युद्ध में खर्च की जा चुकी हैं। यदि ऐसे में चीन जैसे देश के साथ टकराव की नौबत आती है, तो अमरीका कुछ दिन की लड़ाई लडने में भी अक्षम, असहाय होगा। इन मिसाइलों के पर्याप्त उत्पादन में 3-5 साल लग सकते हैं। इसके अलावा, राष्ट्रपति ट्रंप की, अमरीका में ही, स्वीकार्यता 30-32 फीसदी ही शेष है। संसद और जनता में उनके खिलाफ भारी रोष, आक्रोश है। मध्यावधि चुनाव 7 नवंबर को होने हैं, जिनके लिए उम्मीदवारों के चयन की प्रक्रिया मई में ही शुरू होनी है।

# भारत ने मालदीव को 30 अरब रुपये की निकासी मंजूर की सार्क स्वैप समझौते के तहत मिलेगी राशि



**नई दिल्ली।** भारत ने मालदीव को आर्थिक सहायता के तहत 30 अरब रुपये की पहली किस्त मंजूर की है। यह राशि सार्क मुद्रा अदला-बदली ढांचे के तहत दी जा रही है। भारतीय उच्चायोग ने कहा कि भारत लगातार मालदीव की वित्तीय स्थिरता और जरूरतों में सहयोग करता रहा है। भारत की ओर से मालदीव को दी जा रही आर्थिक और वित्तीय सहायता की पहली राशि को मंजूरी मिल गई है। इसके तहत 30 अरब रुपये दी जाएंगी। यह जानकारी मालदीव में स्थित भारतीय उच्चायोग ने दी है। भारतीय दूतावास ने गुरुवार को एक बयान में कहा कि ये धनराशि सार्क मुद्रा अदला-बदली ढांचे की पहली किस्त के तहत जारी की जा रही है। पड़ोसी पहले नीति में मालदीप की अहम भागीदार भारतीय उच्चायोग ने कहा कि मुद्रा विनिमय सुविधा मालदीव की वित्तीय स्थिरता सुनिश्चित करने में एक महत्वपूर्ण तत्व साबित हुई है।

### अक्तूबर में हुआ था हस्ताक्षर

इसमें आगे कहा गया है कि सार्क देशों के लिए मुद्रा अदला-बदली व्यवस्था पर ढांचा के तहत मुद्रा वापसी पर आरबीआई और मालदीव सरकार के बीच अक्तूबर 2024 में राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू की नई दिल्ली की राजकीय यात्रा के दौरान हस्ताक्षर किए गए थे। भारतीय उच्चायोग ने कहा कि मालदीव की ओर इस ढांचे के तहत अक्तूबर 2024 में ली गई 400 मिलियन अमेरिकी डॉलर की निकासी गुरुवार को परिपक्व हो गई।

### 1.1 बिलियन अमेरिकी डॉलर की मदद

सन ऑनलाइन की रिपोर्ट के अनुसार, मालदीव के विदेश मंत्रालय ने गुरुवार को एक बयान में कहा कि 400 मिलियन अमेरिकी डॉलर की सुविधा का निपटान सरकार की अपनी वित्तीय दायित्वों को पूरा करने की प्रतिबद्धता को दशार्ता है। विज्ञप्ति में कहा गया है, '2012 में सार्क स्वैप फ्रेमवर्क की शुरूआत के बाद से भारतीय रिजर्व बैंक ने मालदीव को कुल 1.1 बिलियन अमेरिकी डॉलर का स्वैप समर्थन दिया है।

# वित्त मंत्री सीतारमण बोलीं- एआई के खतरों से निपटने के लिए साथ आएंगे बैंक, एसबीआई करेगा अगुवाई



**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा है कि एआई से जुड़े नए खतरों से निपटने के लिए भारतीय बैंकों को पारंपरिक सुरक्षा से आगे बढ़कर मजबूत तैयारी करनी होगी। सरकार ने सभी बैंकों को मिलकर काम करने को कहा है और इस प्रयास का नेतृत्व एसबीआई करेगा।

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बैंकों के प्रमुखों के साथ एआई से जुड़े जोखिमों पर बैठक के बाद कहा कि भारत के बैंक तेजी से बढ़ते डिजिटलीकरण के कारण अब तक चुनौतियों और साइबर खतरों से निपटने में सक्षम रहे हैं, लेकिन अब उभरती नई तकनीकी चुनौतियों से निपटने के लिए और अधिक मजबूत व बहुआयामी तैयारी की जरूरत है।

सीतारमण ने कहा कि सभी बैंकों को मिलकर काम करने के निर्देश दिए गए हैं। इस समन्वित प्रयास का नेतृत्व एसबीआई के चेयरमैन करेंगे। आने वाले हफ्तों में बैंकों के बीच लगातार बैठकों और विचार-विमर्श का दौर चलेगा। उन्होंने यह भी कहा कि जिस तरह एआई से नई चुनौतियां पैदा हो रही हैं, उसी तरह एआई का इस्तेमाल इन चुनौतियों का मुकाबला करने के लिए भी किया जाएगा। सरकार और बैंकिंग क्षेत्र मिलकर ऐसी रणनीति तैयार करेंगे, जिससे डिजिटल बैंकिंग प्रणाली को और सुरक्षित बनाया जा सके। वित्त मंत्री की यह टिप्पणी ऐसे समय आई है।

### एन्थ्रोपिक के नए एआई मॉडल मिथोस को लेकर चिंता

उन्होंने कहा कि भारत के बैंकिंग तंत्र ने अब तक खुद को सुरक्षित और सक्षम साबित किया है, लेकिन मौजूदा हालात में पारंपरिक सुरक्षा उपाय पर्याप्त नहीं होंगे। वित्त मंत्री ने कहा कि मिथोस नाम से सामने आ रही नई चुनौती को लेकर अभी बहुत अधिक जानकारी उपलब्ध नहीं है, इसलिए इसे गंभीरता से लिया जा रहा है। इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय इस मामले में टेक कंपनियों, विभिन्न नियामक संस्थाओं और दुनिया भर की सरकारों के साथ सक्रिय रूप से संपर्क में है, ताकि यह समझा जा सके कि यह चुनौती किस रूप में सामने आ सकती है और उससे निपटने के लिए कैसी तैयारी जरूरी होगी।

# भारी गिरावट के साथ बंद हुआ बाजार, सेंसेक्स 982 अंक लुढ़का

## अमेरिका-ईरान तनाव और बढ़ती तेल कीमतों का असर, वैश्विक बाजारों में भी कमजोरी का माहौल

### तेल कीमतों में उछाल और वैश्विक अनिश्चितता से सेंसेक्स-निफ्टी 1% से ज्यादा टूटे

**नई दिल्ली।** भारतीय शेयर बाजार हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन यानी शुक्रवार को बड़ी गिरावट के साथ बंद हुआ। बेंचमार्क सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में एक प्रतिशत से ज्यादा की गिरावट दर्ज की गई। 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 982.71 अंक या 1.27% गिरकर 76,681.29 अंक पर बंद हुआ। वहीं 50 शेयरों वाला निफ्टी 275.10 अंक या 1.14% गिरकर 23,897.95 अंक पर बंद हुआ। वैश्विक शेयर बाजार ज्यादातर नीचे रहे जबकि तेल की कीमतें बढ़ीं क्योंकि अमेरिका और ईरान के बीच युद्ध समाप्त करने के लिए बातचीत ठप रही।



### वैश्विक बाजारों में दिखी गिरावट

वॉल स्ट्रीट के सर्वकालिक उच्च स्तर से नीचे आने के बाद अमेरिकी वायदा बाजार में भी उतार-चढ़ाव देखने को मिला। एसएंडपी 500 का वायदा 0.1 प्रतिशत बढ़ा, जबकि डाउ जोन्स इंडस्ट्रियल एवरेज का वायदा 0.2 प्रतिशत गिर गया। यूरोप में शुरूआती कारोबार में, जर्मनी का DAX 0.2 प्रतिशत गिरकर 24,106.17 पर आ गया, और पेरिस का उअउ 40 1 प्रतिशत गिरकर 8,147.70 पर आ गया। ब्रिटेन का FTSE 100 0.6 प्रतिशत गिरकर 10,397.64 पर आ गया। एशियाई बाजार में ट्रेडिंग के दौरान, टोक्यो का निक्केई 225 सूचकांक तकनीकी शेयरों की भारी खरीदारी के चलते 1 प्रतिशत बढ़कर 59,716.18 पर पहुंच गया। गुरुवार को इसने इंट्राडे में 60,000 से ऊपर का रिकॉर्ड उच्च स्तर छुआ था।

हांगकांग का हैंग सेंग शुरूआती नुकसान से उबरते हुए 0.2 प्रतिशत की बढ़त के साथ 25,978.07 पर बंद हुआ, जबकि शंघाई कंपोजिट इंडेक्स 0.1 प्रतिशत गिरकर 4,079.90 पर आ गया। दक्षिण कोरिया का कोस्पी सूचकांक लगभग अपरिवर्तित रहते हुए 6,475.63 पर बंद हुआ।

### पश्चिम एशिया में तनाव

अमेरिका और ईरान के बीच शांति वार्ता के एक और दौर पर प्रगति सीमित रही, भले ही राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने मंगलवार को कहा कि अमेरिका ईरान के साथ दो सप्ताह के युद्धविराम को अनिश्चितकाल के लिए बढ़ा रहा है, जबकि यह मूल रूप से समाप्त होने वाला था। होर्मुज जलडमरूमध्य, जो वैश्विक ऊर्जा का एक महत्वपूर्ण मार्ग है और जहां युद्ध से पहले दुनिया के लगभग पांचवें हिस्से का तेल और प्राकृतिक गैस गुजरता था, अभी भी काफी हद तक बंद है, और ईरानी बंदरगाहों पर अमेरिकी समुद्री नाकाबंदी अभी भी लागू है।

पिछले हफ्ते अमेरिका द्वारा ईरानी बंदरगाहों पर नाकाबंदी लगाने के बाद, ईरान ने बुधवार को जलडमरूमध्य में तीन जहाजों पर हमला किया और उनमें से दो को जब्त कर लिया।

# पांच सुस्त वर्षों के बाद रफ्तार पकड़ेगा भारत का पावर ट्रांसमिशन सेक्टर

### 7.6 लाख करोड़ निवेश का अनुमान

**नई दिल्ली।** एसबीआई कैप्स की एक रिसर्च रिपोर्ट के अनुसार भारत का पावर ट्रांसमिशन सेक्टर वित्त वर्ष 2027 में पांच सुस्त वर्षों के बाद रिकवरी की ओर बढ़ सकता है। रिपोर्ट में कहा गया है कि नियामकीय बदलाव और नए निवेश मॉडल इस क्षेत्र में पूंजी प्रवाह तथा परिसंपत्तियों के उपयोग के तरीके को बदल सकते हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, वित्त वर्ष 2022 से 2026 के बीच ट्रांसमिशन लाइन और सबस्टेशन विस्तार के लक्ष्य लगातार पूरे नहीं हो सके। इसके पीछे राइट ऑफ वे में देरी, जमीन मूल्यांकन की जटिलताएं, ग्रेट इंडियनबस्टर्ड रूलींग, और चीन से सीमित आयात के कारण उपकरणों की कमी जैसे प्रमुख कारण रहे। हालांकि, वित्त वर्ष 2026 में सुधार के शुरूआती संकेत देखने को मिले।



इस दौरान ट्रांसमिशन लाइन जोड़ने की रफ्तार सालाना आधार पर 37 प्रतिशत बढ़ी, जबकि सबस्टेशन क्षमता विस्तार लगभग लक्ष्य के करीब पहुंच गया। इसके बावजूद रिपोर्ट में कहा गया है कि मार्च 2027 तक राष्ट्रीय विद्युत योजना का लक्ष्य हासिल होना मुश्किल नजर आ रहा है, जिससे इस क्षेत्र की बड़ी पूंजीगत निवेश योजनाएं अभी पाइपलाइन में बनी रहेंगी। एसबीआई कैप्स ने अगले छह वर्षों में पावर ट्रांसमिशन सेक्टर में करीब 7.6 लाख करोड़ रुपये के निवेश अवसर का अनुमान जताया है, जो इस क्षेत्र में बड़े विस्तार की संभावनाओं को दशार्ता है।

## रोचक तथ्यों का करंट

- दो केलों में 90 मिनट तक कड़े व्यायाम करने के लिए ऊर्जा होती है। केले को खुशी देने वाला फल भी कहा जाता है।
- जो लोग जल्दी शरमा जाते हैं वे अधिक दयालु और विश्वसनीय होते हैं।
- हमारे दिमाग में अच्छी यादों से ज्यादा बुरी यादों को याद रखने की क्षमता होती है।
- बाएं हाथ से काम करने वाले लोग दांए हाथ से काम करने वाले लोगों की तुलना में कम्प्यूटर गेम्स और खेलों में ज्यादा तेजी से काम करते हैं।
- सिर्फ एक घंटे तक भी अगर हेडफोन का इस्तेमाल कर लिया जाए तो आपके कानों में बैक्टीरिया 700 गुना ज्यादा बढ़ जाते हैं।
- अगर आप मदद के लिए पुकार रहे हैं तो कुछ लोगों को खासतौर पर चुनिए जैसे आप जिन्होंने लाल शर्ट पहनी है। इससे उन लोगों को जिम्मेदारी का एहसास होगा और आपको मदद मिलने की संभावना बढ़ जाएगी।
- आपकी लंबाई साधारण तौर पर आपके पिता पर जाती है जबकि दिमागी क्षमता, भावनात्मक मजबूती और शरीर की बनावट मम्मी पर।
- काम करते समय खुद से बातचीत करने से ध्यान भटकना कम होता है।
- 30 से 35 मिनट की पढ़ाई के बाद 10 मिनट का ब्रेक लेने से पढ़ा हुआ याद रखने का सबसे कारगर तरीका है।
- जो लोग बाएं तरफ करवट लेकर सोते हैं उन्हें डरावने सपने देखने की संभावना, दाएं तरह करवट लेकर सोने वालों की तुलना में ज्यादा होती है।
- गहरी आंखों वाले लोग खेलने में ज्यादा अच्छे होते हैं और हल्के रंग की आंखों वाले लोग योजना बनाने में कारगर होते हैं।

## देश में कैश और डिजिटल भुगतान दोनों जरूरी, रिपोर्ट का दावा- संकट के दौर में बढ़ा नकदी रखने का रुझान



**नई दिल्ली।** एसबीआई रिसर्च की रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत में नकद और डिजिटल भुगतान दोनों समान रूप से जरूरी हैं। छोटे लेनदेन के लिए यूपीआई का इस्तेमाल बढ़ा है, जबकि आपात स्थिति और अनिश्चितता के कारण लोग नकदी भी अपने पास रख रहे हैं। एसबीआई रिसर्च की रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत की अर्थव्यवस्था में नकद और डिजिटल भुगतान दोनों की अपनी-अपनी अहम भूमिका है। रिपोर्ट के मुताबिक, नकदी और डिजिटल माध्यम एक-दूसरे के प्रतिस्पर्धी नहीं बल्कि पूरक हैं। लोग रोजमर्रा के छोटे भुगतान, खरीदारी और रिटेल ट्रांजेक्शन के लिए यूपीआई का इस्तेमाल तेजी से कर रहे हैं, लेकिन आपात स्थिति, बचत और अनौपचारिक लेनदेन के लिए अब भी नकदी अपने पास रखना पसंद करते हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत ने ई-रुपया यानी सेंट्रल बैंक डिजिटल करेंसी लॉन्च कर दी है, लेकिन इसका प्रसार अभी बेहद सीमित है। मार्च 2025 तक ई-रुपये का कुल प्रचलन सिर्फ 1,016 करोड़ रुपये रहा।

# देश में कैश और डिजिटल भुगतान दोनों जरूरी, रिपोर्ट का दावा- संकट के दौर में बढ़ा नकदी रखने का रुझान

**नई दिल्ली।** एसबीआई रिसर्च की रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत की अर्थव्यवस्था में नकद और डिजिटल भुगतान दोनों की अपनी-अपनी अहम भूमिका है। रिपोर्ट के मुताबिक, नकदी और डिजिटल माध्यम एक-दूसरे के प्रतिस्पर्धी नहीं बल्कि पूरक हैं। लोग रोजमर्रा के छोटे भुगतान, खरीदारी और रिटेल ट्रांजेक्शन के लिए यूपीआई का इस्तेमाल तेजी से कर रहे हैं, लेकिन आपात स्थिति, बचत और अनौपचारिक लेनदेन के लिए अब भी नकदी अपने पास रखना पसंद करते हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत ने ई-रुपया यानी सेंट्रल बैंक डिजिटल करेंसी लॉन्च कर दी है, लेकिन इसका प्रसार अभी बेहद सीमित है। मार्च 2025 तक ई-रुपये का कुल प्रचलन सिर्फ 1,016 करोड़ रुपये रहा। रिपोर्ट के अनुसार, इसके व्यापक इस्तेमाल के लिए लोगों में जागरूकता बढ़ाने, उपयोग को आसान बनाने और फिनटेक प्लेटफॉर्म्स के साथ रणनीतिक साझेदारी करने की जरूरत है।

अध्ययन में प्रति व्यक्ति आय और नकदी के उपयोग से जुड़े दिलचस्प आंकड़े भी सामने आए हैं। वित्त वर्ष 2012 में भारत की प्रति व्यक्ति जीडीपी 71,609 रुपये थी, जो वित्त वर्ष 2026 तक बढ़कर 2,51,393 रुपये हो गई। इस दौरान इसकी चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर 9.4 प्रतिशत रही। वहीं, प्रति व्यक्ति चलन में नकदी 8,762 रुपये से बढ़कर 29,324 रुपये पहुंच गई, जिसकी CAGR 9.0 प्रतिशत रही।

### एटीएम निकासी और नकदी भंडारण के आंकड़ों पर भी जोर

प्रति व्यक्ति यूपीआई लेनदेन की तुलना सीधे नकदी से नहीं की जा सकती, क्योंकि एक व्यक्ति सुविधा के कारण कई बार यूपीआई ट्रांजेक्शन कर सकता है, जबकि नकदी लंबे समय तक पास रखी जा सकती है। रिपोर्ट में एटीएम निकासी और नकदी भंडारण के आंकड़ों पर भी जोर दिया गया है। इसमें कहा गया कि प्रति व्यक्ति चलन में नकदी और एटीएम से निकाली गई नकदी के बीच अंतर वित्त वर्ष 2024 में 1,804 रुपये था, जो वित्त वर्ष 2026 में बढ़कर 9,127 रुपये हो गया। यानी दो वर्षों में यह अंतर पांच गुना बढ़ा है।

## राशिफल

**मेष:** विवाद को बढ़ावा न दें। उत्तेजना पर नियंत्रण आवश्यक है। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। चोट व दुर्घटना से हानि संभव है। घर में अशांति रहेगी।

**वृष:** तंत्र-मंत्र में रुचि रहेगी। राजकीय बाधा दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी। प्रतिद्वंद्वी शांत रहेंगे। आय में वृद्धि होगी। जल्दबाजी से काम बिगड़ सकते हैं।

**मिथुन:** कार्यस्थल पर सुधार होगा। योजना फलीभूत होगी। रोजगार में वृद्धि होगी। मान-सम्मान मिलेगा। राजकीय बाधा दूर होगी। मतभेद समाप्त होंगे।

**कर्क:** रुका हुआ धन मिल सकता है। भाइयों व पार्टनर से सहयोग मिलेगा। व्यावसायिक यात्रा लाभदायक रहेगी। भाग्य अनुकूल है। समय का लाभ लें।

**सिंह:** सुख के साधनों पर अतिव्यय हो सकता है। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। बोलचाल में हल्की मजाक न करें। घर-बाहर तनाव रह सकता है।

**कन्या:** लाभ के अवसर हाथ आएंगे। बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे। जीवनसाथी से सहयोग प्राप्त होगा। यात्रा से लाभ होगा।

**तुला:** भूले-बिसरे मित्र व संबंधियों से मुलाकात होगी। उत्साहवर्धक सूचना प्राप्त होगी। दूसरों के काम की जवाबदारी न लें। प्रयास भरपूर करें, लाभ होगा।

**वृश्चिक:** घर-बाहर पूछ-परख रहेगी। मेहनत का फल मिलेगा। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। आय में वृद्धि होगी। कोई बड़ी समस्या का हल मिलेगा।

**धनु:** शोक समाचार मिल सकता है। दौड़धूप अधिक होगी। अपेक्षाकृत कार्यों में विलंब होगा। घर-बाहर तनाव रहेगा। शांति बनाए रखें।

**मकर:** यात्रा मनोरंजक रहेगी। स्वादिष्ट भोजन का आनंद मिलेगा। बुद्धि व ज्ञान की वृद्धि होगी। रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। बड़ों की बात मानें, लाभ होगा।

**कुंभ:** पुराना रोग उभर सकता है। परिवार के किसी सदस्य के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। विवाद को बढ़ावा न दें। संपत्ति के कार्य बड़ा लाभ दे सकते हैं।

**मीन:** रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। यात्रा लाभदायक रहेगी। वैवाहिक प्रस्ताव मिल सकता है। नवीन वस्त्राभूषण की प्राप्ति होगी। रोजगार में वृद्धि होगी।

## चुटकुले

पत्नी : तुम मुझे कितना प्यार करते हो?
पति : जितना मोबाइल को चार्जर
पत्नी : मतलब?
पति : बिना तुम्हारे चलता नहीं

------------

टीचर : बताओ पानी क्यों उबलता है?
स्टूडेंट : क्योंकि उसे गुस्सा आता है

----------------

दोस्त : तू सुबह जल्दी कैसे उठ जाता है?
दूसरा : भाई, नींद खुद ही भाग जाती है जब अलार्म बजता है

--------------

पापा : पढ़ाई कैसी चल रही है?
बेटा : पापा, बस चल ही रही है, दौड़ नहीं रही

----------------

पत्नी : सुनो, मैं मोटी लग रही हूं क्या?
पति : नहीं
पत्नी : सच बोलो
पति : सच बोलूंगा तो खाना नहीं मिलेगा

---------------

टीचर : सबसे तेज चीज क्या है?
स्टूडेंट : सर, दिमाग
टीचर : कैसे?
स्टूडेंट : एक सेकंड में कहीं भी पहुंच जाता है




प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

**करंट क्राइम**

K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364
सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी
संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

# दिल्ली कैपिटल्स के सामने अजेय चल रही पंजाब को रोकने की चुनौती, स्टार्क होंगे उपलब्ध

**नई दिल्ली।** दिल्ली कैपिटल्स का सामना शनिवार को डबल हेडर के पहले मैच में पंजाब किंग्स से होगा। पंजाब अब तक टूर्नामेंट में अजेय चल रही है, ऐसे में दिल्ली के लिए यह चुनौती आसान नहीं होगी।

दिल्ली कैपिटल्स को आईपीएल के अपने अभियान को फिर से पटरी पर लाने के लिए शनिवार को होने वाले मुकाबले में तालिका में शीर्ष पर चल रही पंजाब किंग्स के खिलाफ अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। पिछले मैच में सनराइजर्स हैदराबाद से 47 रन से हार का सामना करने वाली दिल्ली के लिए वापसी की राह काफी चुनौतीपूर्ण होगी। इसके लिए उसके ज्यादातर खिलाड़ियों को एक साथ अच्छा प्रदर्शन करना होगा।



**अंक तालिका में दोनों टीमों की स्थितिः** छह मैचों में तीन जीत और तीन हार के साथ दिल्ली फिलहाल अंक तालिका के छठे स्थान पर है, जबकि पंजाब किंग्स छह मुकाबलों में 11 अंकों के साथ शीर्ष पर काबिज है। उनका एकमात्र अंक तब गया था जब कोलकाता में मैच बारिश के कारण रद्द हो गया था। पंजाब की टीम टूर्नामेंट की एकमात्र टीम है जो अब तक अजेय चल रही है। दिल्ली के लिए राहत की बात यह है कि उसके स्टार तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क आईपीएल में खेलने के लिए फिट हो गए हैं, लेकिन वह इस मैच में शायद ही हिस्सा ले पाएंगे।

**कहां फंस रही दिल्ली**

सलामी बल्लेबाज पाथुम निसांका शुरूआत को बड़े स्कोर में बदलने में असफल रहे हैं, जिससे मध्यक्रम पर दबाव बढ़ गया है। कप्तान अक्षर पटेल से भी उम्मीद की जा रही है कि वह बल्ले और रणनीति दोनों में अधिक जिम्मेदारी निभाएं। पिछले मैच में उनके कुछ निर्णयों पर भी सवाल उठे हैं, खासकर गेंदबाजी बदलावों को लेकर। विस्फोटक अभिषेक शर्मा के खिलाफ उन्होंने कामचलाऊ गेंदबाज नितीश राणा को लगातार इस्तेमाल किया, जो असरदार साबित नहीं हुआ। दिल्ली का क्षेत्ररक्षण भी चिंता का विषय रहा है। टीम ने कुछ मैचों में स्टंपिंग के मौके गंवाए, रन-आउट में गलतियां कीं और आसान कैच छोड़े, जिसका उसे काफी नुकसान हुआ है।

**लय में दिख रही है पंजाब**

पंजाब किंग्स की टीम इस समय पूरी लय में नजर आ रही है। उन्होंने हाल ही में लखनऊ सुपर जाएंट्स के खिलाफ इस सत्र का सबसे बड़ा स्कोर, सात विकेट पर 254 रन बनाया। सलामी बल्लेबाज प्रभसिमरन सिंह ने शानदार फॉर्म दिखाया है और तेज शुरूआत दी है। कप्तान श्रेयस अय्यर भी बेहतरीन लय में हैं। इसके अलावा प्रियांश आर्य और कूपर कोनोली ने भी टीम की बल्लेबाजी को गहराई और आक्रामकता दी है। प्रियांश अपने घरेलू मैदान में एक और दमदार पारी खेलना चाहेंगे। गेंदबाजी में भी पंजाब संतुलित नजर आई है, जहां अर्शदीप सिंह, युजवेंद्र चहल, मार्को यानसन, विजयकुमार वैशाक और जेवियर बार्टलेट ने लगातार योगदान दिया है।

# गोलकीपर प्रिंस नहीं खेल पाएंगे एशियाड, भारतीय हॉकी टीम के खिलाड़ी के बाएं कंधे की होगी सर्जरी

**नई दिल्ली।** एशियाई खेलों का आयोजन इस साल होना है जिसके लिए भारतीय पुरुष हॉकी टीम तैयारियां कर रही है। टीम की तैयारियों को हालांकि, झटका लगा है क्योंकि उसके गोलकीपर प्रिंसदीप सिंह चोटिल हो गए हैं।



एशियाई खेल 2026 से पहले भारतीय पुरुष हॉकी टीम को झटका लगा है। एशियाई खेलों के कैंप में शामिल गोलकीपर प्रिंसदीप सिंह चोटिल हो गए हैं। प्रिंसदीप के बाएं कंधे के लेब्रल हिस्से में चोट की सर्जरी की जाएगी। प्रिंसदीप जूनियर हॉकी विश्व कप के क्वार्टर फाइनल में बेल्जियम के खिलाफ पेनल्टी शूटआउट में हैरतअंगेज प्रदर्शन से चर्चा में आए थे, जिससे भारत सेमीफाइनल में पहुंचा था।

चेन्नई में बीते दिसंबर में खेले गए जूनियर विश्व कप में भारत की कांस्य पदक जीत में प्रिंस की अहम भूमिका थी। प्रिंस के कंधे की सर्जरी इसी सप्ताह मुंबई में सर्जरी चर्चित चिकित्सक डॉ. दिनशा पारदीवाला करेंगे। सर्जरी के बाद प्रिंसदीप को पूरी तरह ठीक होने में छह माह तक का समय लग सकता है, जबकि एशियाई खेल ऐची और नागोया में 19 सितंबर से शुरू होने हैं। ऐसे में उनके खेलने की संभावना नगण्य हो गई है।

## सर्जरी पर 6.5 लाख खर्च

पंजाब के 21 वर्षीय गोलकीपर प्रिंस को पीआर श्रीजेश का विकल्प माना जा रहा है। वह 2024 में जूनियर एशिया कप जीतने वाली टीम के भी सदस्य थे। उनकी सर्जरी पर साढ़े छह लाख रुपये का खर्च होगा, जिसे मेडिकल इंश्योरेंस और टॉप्स स्कीम से पूरा किया जाएगा।

## पुरानी है कंधे की चोट

सूत्र बताते हैं कि प्रिंसदीप पिछले एक-दो साल से इस चोट से पीड़ित हैं। तब भी वह लगातार खेल रहे थे। अब दर्द असहनीय होने पर उन्हें सर्जरी की सलाह दी गई है। अब एशियाई खेलों की टीम में गोलकीपर के लिए कृष्ण बहादुर पाठक, सूरज करकेरा, पवन और मोहित के बीच मुकाबला है।

# प्राची गायकवाड़ ने गोल्ड पर लगाया निशाना

**नई दिल्ली।** प्राची गायकवाड़ ने गुरुवार को आईएसएसएफ जूनियर वर्ल्ड कप राइफल/पिस्टल/शॉटगन में जूनियर महिलाओं की 50 मीटर राइफल 3 पोजीशन (3पी) इवेंट में गोल्ड मेडल जीता।



एक और एआईएन शूटर, एलेना क्रेटिनिना ने 343.3 के स्कोर के साथ ब्रॉन्ज मेडल जीता, और 35-शॉट के फाइनल से 34वें शॉट के बाद बाहर हो गईं। नारायण प्रणव ने भी जूनियर पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल में फाइनल में 229.5 के स्कोर के साथ ब्रॉन्ज मेडल पर कब्जा जमाया।

मंगलवार (21 अप्रैल) को प्रतियोगिता के पहले दिन शिवा नरवाल ने पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल इवेंट में जीत हासिल की थी; उसके बाद यह भारत का दूसरा गोल्ड है। दो गोल्ड, चार सिल्वर और तीन ब्रॉन्ज मेडल के साथ भारत एक बार फिर मेडल टैली में टॉप पर पहुंच गया है।

प्राची ओलंपिक इंटरनेशनल सिटी शूटिंग रेंज में जूनियर महिलाओं के 3पी फाइनल के लिए क्वालिफाई करने वाली अकेली भारतीय थीं। उन्होंने 578 के स्कोर के साथ छठा स्थान हासिल किया और फिर फाइनल की शुरूआत नीलिंग पोजीशन में पहले 10 शॉट के बाद पांचवें स्थान पर रहीं।

इसके बाद, वह प्रोन राउंड के बाद दूसरे स्थान पर पहुंच गईं और उस समय आगे चल रही डारिया से सिर्फ 0.6 पीछे थीं। फाइनल स्टैंडिंग पोजीशन के पहले पांच शॉट में 50+ रिटर्न के साथ, वह मैच में पहली बार आगे निकलने में सफल रहीं। हालांकि, दरिया ने वापसी की और अगले पांच शॉट में 51.0 का स्कोर किया, जबकि प्राची चार बार 10-रिंग से चूक गईं, और आखिरी पांच शॉट बाकी रहते हुए कुछ देर के लिए तीसरे स्थान पर आ गईं। इस छोटी सी हार ने भारतीय खिलाड़ी का हौसला नहीं तोड़ा और उन्होंने सबसे महत्वपूर्ण समय पर बेहतरीन प्रदर्शन किया।

उन्होंने 10-रिंग में चार बार निशाना लगाया, जिसमें दो हाई 10 भी शामिल थे, और दरिया से 0.2 के अंतर से जीत हासिल की। जूनियर पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल में तीन भारतीयों ने कट बनाया,

## पहले स्थान पर पहुंचा भारत

जिसमें नारायण का प्रदर्शन सबसे शानदार रहा और वह 630.9 स्कोर के साथ तीसरे नंबर पर रहे। अभिनव शॉ 630.0 के साथ चौथे स्थान पर रहे, जबकि दिव्यांशु देवांगन ने 626.8 के स्कोर के साथ सातवां क्वालिफाइंग स्थान हासिल किया। फाइनल में दिव्यांशु 24-शॉट के फाइनल में 12 शॉट के बाद 122.4 के स्कोर के साथ आठवें स्थान पर रहकर बाहर होने वाले पहले खिलाड़ी रहे। उस समय अभिनव और नरेन तीसरे स्थान के लिए मुकाबला कर रहे थे, जबकि उज्बेक जावोहिर सोखिबोव पहले और साइप्रस के अकिलियास सोफोक्लियस दूसरे स्थान पर थे।

इसके बाद नरेन ने 10.7 और उसके बाद परफेक्ट 10.9 का स्कोर किया, और अब अभिनव के पीछे छूटने पर सोफोक्लियस को सिल्वर के लिए चुनौती दे रहे थे। सोखिबोव पहुंच से बाहर लग रहे थे। अभिनव के पास 20वें राउंड में नरेन की बराबरी करने के लिए 0.6 का स्कोर था, लेकिन 9.9 के पुट ने उनकी उम्मीदों पर पानी फेर दिया। नरेन ने ब्रॉन्ज मेडल जीता, 22वें शॉट के बाद वह ग्रीक खिलाड़ी से 0.4 से पीछे रह गए।

सोखिबोव ने 251.2 के साथ गोल्ड मेडल को अपने नाम किया। वंशिका चौधरी, सेजल कांबले और कनक ने जूनियर महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल के फाइनल में भी जगह बनाई है; उन्होंने 579, 577 और 576 के स्कोर के साथ लीडरबोर्ड की टॉप तीन पोजीशन पर कब्जा जमाया।

# नीलामी में करोड़ों में बिके, उम्मीदों पर खरा नहीं उतरे ये पांच खिलाड़ी

**नई दिल्ली।** आईपीएल 2026 का सीजन जारी है और सभी टीमें प्लेऑफ में पहुंचने के लिए जोर लगा रही हैं। मौजूदा सीजन में अधिकतर टीमों ने सात मैच खेल लिए हैं, लेकिन कुछ खिलाड़ी ऐसे हैं जो अब तक उम्मीद के अनुरूप प्रदर्शन नहीं कर सके हैं।

आईपीएल 2026 का सफर लगभग आधा तय हो चुका है। कुछ खिलाड़ी इस सीजन अपने दमदार प्रदर्शन के बूते खूब सुर्खियां बटोर रहे हैं। हालांकि, कुछ खिलाड़ी ऐसे भी हैं, जिनके लिए फ्रेंचाइजियों ने करोड़ों रुपये की बोली लगाकर उन्हें टीम में शामिल किया था, लेकिन इनका प्रदर्शन अब तक निराशाजनक ही रहा है।



लियाम लिविंगस्टनः

**लियाम लिविंगस्टनः** इंग्लैंड के बल्लेबाज लियाम लिविंगस्टन को सनराइजर्स हैदराबाद ने 13 करोड़ रुपये में खरीदा था। लिविंगस्टन से उम्मीद थी कि वह अपनी तूफानी बल्लेबाजी से अकेले दम पर मुकाबलों का रुख पलटेंगे। हालांकि, इंग्लिश बल्लेबाज फिलहाल इस सीजन बुरी तरह से संघर्ष करता नजर आया है। उन्हें दो मुकाबलों में बल्लेबाजी करने का मौका मिला है, जिसमें उन्होंने सिर्फ 15 रन बनाए हैं।

**कार्तिक शर्माः** चेन्नई सुपर किंग्स ने विकेटकीपर-बल्लेबाज कार्तिक शर्मा के लिए नीलामी पर कई फ्रेंचाइजियों से जंग लड़ने के बाद उन्हें 14.20 करोड़ रुपये में खरीदा था। हर किसी की नजरें कार्तिक की बल्लेबाजी पर थीं, लेकिन आईपीएल 2026 में वह अब तक बल्ले से कुछ खास कमाल नहीं दिखा सके हैं। कार्तिक ने तीन मुकाबलों में 119 के स्ट्राइक रेट से खेलते हुए महज 25 रन ही बनाए हैं।

**कैमरन ग्रीनः** ऑस्ट्रेलिया के ऑलराउंडर को खरीदने के लिए कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने 25.20 करोड़ रुपये खर्च किए थे। हालांकि, ग्रीन ने इस सीजन खेले अब तक सात मुकाबलों में अपने प्रदर्शन से खासा निराश किया है। ग्रीन के बल्ले से सात पारियों में 27 की औसत और 151 के स्ट्राइक रेट से सिर्फ 162 रन निकले हैं। यह हाल तब है जब उन्हें ज्यादातर बल्लेबाजी करने का मौका शीर्ष क्रम में मिला है।



कैमरन ग्रीनः

**फिन एलेनः** कोलकाता नाइट राइडर्स ने फिन एलेन को दो करोड़ रुपये खर्च करते हुए टीम में शामिल किया था। एलेन ने टी20 विश्व कप 2026 में सिर्फ 33 गेंदों में शतक लगाया था। यही वजह थी कि आईपीएल 2026 में उनकी तूफानी बल्लेबाजी देखने को हर कोई बेकरार था। हालांकि, न्यूजीलैंड का यह बल्लेबाज अब तक उम्मीदों पर अब तक खरा नहीं उतर सका है। एलेन ने पांच पारियों में 16.20 की औसत से महज 81 रन ही बनाए हैं। सलामी बल्लेबाज के तौर पर खेलने के बावजूद एलेन अब तक बड़ी पारी नहीं खेल सके हैं।

**ग्लेन फिलिप्सः** न्यूजीलैंड के बल्लेबाज ग्लेन फिलिप्स को गुजरात टाइटंस ने दो करोड़ रुपये में खरीदा था। हालांकि, फिलिप्स अपने प्रदर्शन से उम्मीदों पर खरे नहीं उतर सके हैं। उन्होंने छह मुकाबलों में 16.75 की औसत और 124 के स्ट्राइक रेट से खेलते हुए सिर्फ 67 रन बनाए हैं। तूफानी बल्लेबाजी के लिए मशहूर फिलिप्स का स्ट्राइक रेट टूर्नामेंट में सिर्फ 124.07 का रहा है।

# जय शाह से लेकर बीसीसीआई तक ने मास्टर ब्लास्टर को दी बधाई, फैंस के साथ काटा केक

**नई दिल्ली।** भारत के महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर आज अपना 53वां जन्मदिन मना रहे हैं। सचिन के जन्मदिन को लेकर उनके फैंस में जबरदस्त उत्साह है। सचिन के घर के बाहर कई फैंस एकत्र हुए और मास्टर ब्लास्टर ने भी उन्हें निराश नहीं किया। सचिन को जय शाह से लेकर बीसीसीआई और महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने बधाई दी है। आइए जानते हैं सचिन के जन्मदिन पर किस तरह लोगों ने उन्हें बधाई दी।

महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर आज अपना 53वां जन्मदिन मना रहे हैं। सचिन को भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई), आईसीसी अध्यक्ष जय शाह और आईपीएल की फ्रेंचाइजी ने जन्मदिन की बधाई दी है। वहीं, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने भी मास्टर ब्लास्टर को जन्मदिन की बधाई दी है। वहीं, मुंबई में सचिन के घर के बाहर प्रशंसकों की भारी भीड़ है। सचिन ने भी फैंस को निराश नहीं किया और बाहर आकर उनके साथ जन्मदिन बनाया। इस दौरान सचिन की पत्नी अंजली भी उनके साथ मौजूद रहीं। अंजली ने गोद में एच नन्ही प्रशंसक को उठाया। बीसीसीआई ने सचिन तेंदुलकर को जन्मदिन पर बधाई देते हुए लिखा, 2011 वनडे विश्व कप जीतने वाली भारतीय टीम के सदस्य, महान खिलाड़ी सचिन तेंदुलकर को जन्मदिन की बहुत-बहुत शुभकामनाएं। सचिन तेंदुलकर को उनके जन्मदिन पर आईपीएल की सभी फ्रेंचाइजियों ने भी शुभकामनाएं दी हैं। मुंबई इंडियंस ने एक्स अकाउंट पर सचिन की केक काटते हुए एक तस्वीर साझा की है। टीम ने कैप्शन में लिखा है, वो छोटा लड़का जो क्रिकेट को पसंद प्रत्येक व्यक्ति के दिल की धड़कन बन गया। जन्मदिन मुबारक हो, सचिन तेंदुलकर।

## अर्जुन ने केक के साथ पिता सचिन को दी बधाई

लखनऊ सुपर जाएंट्स ने एक वीडियो साझा किया है। इस वीडियो में सचिन के बेटे अर्जुन तेंदुलकर केक लेकर कहते हैं कि जन्मदिन मुबारक हो, मैं आपसे जल्द मिलूंगा। वीडियो में सचिन और अर्जुन की कई तस्वीरें साझा की गई हैं।

## फडणवीस ने बताया सच्चा भारत रत्न

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़णवीस ने सचिन को उनके जन्मदिवस पर बधाई दी है। देवेंद्र फड़णवीस ने अपने आधिकारिक एक्स अकाउंट पर लिखा, भारत के गौरव, सच्चे भारत रत्न और मास्टर ब्लास्टर सचिन तेंदुलकर को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं। आपका समर्पण और विनम्रता सबसे बड़ी प्रेरणा है।

## बीसीसीआई के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने दी बधाई



बीसीसीआई के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने तेंदुलकर को जन्मदिन की बधाई देते हुए एक्स पर लिखा, जन्मदिन मुबारक हो, सचिन तेंदुलकर। आपका असाधारण सफर सिर्फ मैदान पर आपकी बेमिसाल कामयाबियों से ही नहीं, बल्कि ईमानदारी, अनुशासन और खेल भावना के उन मूल्यों से भी तय होता है जिन्हें आपने हमेशा बनाए रखा है। क्रिकेट की तरक्की और दुनिया भर में पहचान बनाने में आपका योगदान बहुत बड़ा है, जिसने खिलाड़ियों और प्रशासकों की पीढ़ियों को प्रेरित किया है। अच्छे स्वास्थ्य, खुशी और क्रिकेट की दुनिया को मार्गदर्शन और प्रेरणा देने के लिए कई और वर्षों तक शुभकामनाएं।

## सचिन को बधाई देने वालों का लगा तांता

वहीं, सचिन को बधाई देने का तांता लगा हुआ है। आईसीसी अध्यक्ष जय शाह ने एक्स पर लिखा, हमारे खेल के आइकॉन सचिन तेंदुलकर को जन्मदिन की बहुत-बहुत शुभकामनाएं। क्रिकेट में आपका शानदार योगदान दुनिया भर की पीढ़ियों को हमारा शानदार खेल खेलने और देखने के लिए प्रेरित करता रहेगा, जबकि आपकी हमदर्दी और इंसानियत का समाज पर लगातार और अहम असर पड़ता रहेगा।




महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर आज अपना 53वां जन्मदिन मना रहे हैं। सचिन ने भी फैंस को निराश नहीं किया और बाहर आकर उनके साथ जन्मदिन बनाया।

# अभय सिंह ने एलेइनिन को हराया

➪ पहली बार पीएसए गोल्ड-लेवल टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में पहुंचे



**नई दिल्ली।** भारत के स्क्वाश खिलाड़ी अभय सिंह ने ज्यूरिख में खेले जा रहे ग्रासहॉपर कप स्क्वैश टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया है।

भारत के अभय सिंह ने ज्यूरिख में खेले जा रहे ग्रासहॉपर कप स्क्वैश टूर्नामेंट में मिस्र के विश्व नंबर 13 अली अबू एलेइनिन को हराकर पहली बार पीएसए गोल्ड लेवल की प्रतियोगिता के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।

विश्व रैंकिंग में 24वें स्थान पर काबिज अभय दूसरे दौर के पहले गेम में 5-8 से पीछे चल रहे थे। उन्होंने हालांकि शानदार वापसी करते हुए सातवीं वरीयता प्राप्त एलेइनिन को 12-10, 11-9 से मात दी।

अभय के सामने अब कड़ी चुनौती इस महीने की शुरूआत में भी अभय ने मिस्र में आयोजित एल गूना ओपन में भी एलेइनिन को हराया था। अभय के सामने अब क्वार्टर फाइनल में मिस्र के विश्व नंबर चार करीम गवाड की चुनौती होगी। उन्होंने शुरूआती दौर में स्विट्जरलैंड के डेविड बेर्नेट को 11-9, 9-11, 11-8 से हराया था। भारत के ही रमित टंडन को मिस्र के फारेस देसौकी के खिलाफ 6-11, 9-11 से हार का सामना करना पड़ा।

# मुंबई इंडियंस के खिलाफ सर्वाधिक जीत दर्ज करने वाली टीम बनी सीएसके

**मुंबई।** चेन्नई सुपर किंग्स ने आईपीएल 2026 के मुकाबले में मुंबई इंडियंस को एकतरफा अंदाज में हराया। मुंबई की टीम इस मैच में कहीं भी सीएसके को चुनौती नहीं दे सकी और उसे रनों के अंतर से आईपीएल में अपनी सबसे बड़ी हार का सामना करना पड़ा।



आईपीएल 2026 के 33वें मुकाबले में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मुंबई इंडियंस को 103 रनों से रौंदा। वानखेड़े स्टेडियम पर मिली धमाकेदार जीत के साथ ही सीएसके आईपीएल में मुंबई इंडियंस के खिलाफ सर्वाधिक जीत दर्ज करने वाली टीम बन गई है। इतना ही नहीं, ये आईपीएल में सीएसके की रनों के लिहाज से सबसे बड़ी जीत है।

**मुंबई के खिलाफ सीएसके का रिकॉर्डः** चेन्नई सुपर किंग्स ने गुरुवार को मुंबई इंडियंस के खिलाफ 40वें मुकाबले में 19वीं जीत हासिल की। ऋतुराज गायकवाड़ की कप्तानी में सीएसके ने पंजाब किंग्स का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। पंजाब किंग्स ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ 35 मुकाबलों में 18 जीत दर्ज की है। वहीं, इस सूची में तीसरे स्थान पर दिल्ली कैपिटल्स हैं जिन्होंने मुंबई के खिलाफ 38 मैचों में 17, आरसीबी ने 35 मैचों में 16 और राजस्थान रॉयल्स ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ 31 मैचों में 15 जीत दर्ज की है।

**एकतरफा अंदाज में जीती सीएसके**

मैच की बात करें तो चेन्नई सुपर किंग्स से मिले 208 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए मुंबई इंडियंस की पूरी टीम 19 ओवर में 104 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। ये रनों के लिहाज से मुंबई की आईपीएल में सबसे बड़ी हार है।

उससे इससे पहले राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ 2013 में 87 रनों से हार का सामना करना पड़ा था जो रनों के अंतर से मुंबई की सबसे बड़ी हार थी।

# बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड के फैसले से पाकिस्तान को लगा झटका

## PSL के लिए मुस्तफिजुर को दिया एनओसी वापस लिया

**ढाका।** बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान को पीएसएल में खेलने के लिए जारी किया एनओसी वापस ले लिया है। बीसीबी के इस फैसले से पाकिस्तान को झटका लगेगा। आइए जानते हैं कि किस कारण बीसीबी ने एनओसी वापस लिया है।

बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने पाकिस्तान को झटका दिया है। दरअसल, बीसीबी ने पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) के मौजूदा सीजन में खेलने के लिए तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान को अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) दिया था, लेकिन अब इसे वापस ले लिया गया है। यह फैसला न्यूजीलैंड के खिलाफ तीसरे वनडे के बाद उनकी चिकित्सकीय समीक्षा के आधार पर लिया गया।

## पीएसएल के शेष मैचों में नहीं खेल पाएंगे मुस्तफिजुर

बीसीबी ने कहा, न्यूजीलैंड के खिलाफ तीसरे वनडे के समापन के बाद टीम के चिकित्सा स्टाफ ने राष्ट्रीय टीम के तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान की स्थिति की समीक्षा की है। आगे की जांच के लिए उनका तत्काल स्कैन कराया जाएगा, जिसके बाद वे बीसीबी मेडिकल टीम की देखरेख में पुनर्वास कार्यक्रम शुरू करेंगे। मुस्तफिजुर को पूर्व में जारी एनओसी वापस ले लिया गया है। इसलिए वे पीएसएल 2026 के शेष मुकाबलों में भाग नहीं ले पाएंगे।

## आईपीएल से हटाए जाने के बाद पीएसएल में खेल रहे थे मुस्तफिजुर

मालूम हो कि मुस्तफिजुर को भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के निर्देश के बाद कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने आईपीएल 2026 के दौरान अपनी टीम से रिलीज कर दिया था। इसके बाद वे लाहौर कलंदर्स के लिए खेल रहे थे और इस सत्र में पांच मैचों में छह विकेट ले चुके थे। बीसीबी ने एक अन्य फैसले में यह भी पुष्टि की कि युवा तेज गेंदबाज नाहिद राणा को भी पीएसएल 2026 के लिए रिलीज नहीं किया जाएगा। यह कदम अगले महीने पाकिस्तान के खिलाफ होने वाली टेस्ट सीरीज की तैयारी के लिए उन्हें पर्याप्त समय देने के उद्देश्य से उठाया गया है।



25 April -26 page 6 24-04-2026 10:44 PM Page 1






# प्रांजल और मानसी का सगाई समारोह धूमधाम से सम्पन्न



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। रालोद के पूर्व अध्यक्ष रविन्द्र चौहान के सुपुत्र प्रांजल चौहान का सगाई समारोह मनीषी सेंगर की सुपुत्री मानसी सेंगर के साथ धूम धाम से सम्पन्न हुआ। लग्न सगाई समारोह में समाज के गणमान्य लोग पहुंचे। प्रांजल व मानसी को आशीर्वाद प्रदान किया। चौहान परिवार और सेंगर परिवार में सभी अतिथियों का स्वागत किया और सभी का आभार व्यक्त किया।

# रेगुलेटर फैक्ट्री में लगी आग
## लाखों का सामान जला, आबादी के बीच चल रही यूनिट से लोगों में आक्रोश



**हापुड़।** हापुड़ के सिटी कोतवाली क्षेत्र स्थित आवास विकास कॉलोनी में बुलंदशहर रोड पर शुक्रवार दोपहर एक रेगुलेटर फैक्ट्री में आग लग गई। आग में फैक्ट्री का कच्चा माल, मशीनें और तैयार उत्पाद जलकर राख हो गए। रेगुलेटर फैक्ट्री से अचानक धुआं और आग की तेज लपटें उठने से देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया। जिससे आसपास के लोगों में दहशत फैल गई। फायर ब्रिगेड की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

जानकारी के अनुसार, यह फैक्ट्री मजहर खान की बताई जा रही है। आग लगने की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और काफी प्रयासों के बाद आग पर काबू पाया। समय रहते आग बुझा लेने से एक बड़ा हादसा टल गया।

**आबादी के बीच फैक्ट्री, बड़ा खतरा टला :** यह फैक्ट्री घनी आबादी वाले इलाके में संचालित हो रही थी। यदि आग समय पर काबू में न आती, तो आसपास के कई मकानों को भी अपनी चपेट में ले सकती थी। स्थानीय लोगों ने भी आग बुझाने में दमकल टीम का सहयोग किया।

**लाखों का नुकसान :** अग्निकांड में फैक्ट्री के भीतर रखा कच्चा माल, मशीनें और तैयार उत्पाद पूरी तरह जलकर नष्ट हो गए। प्रारंभिक आकलन के अनुसार, इस घटना में लाखों रुपये का नुकसान हुआ है।

मुख्य अग्निशमन अधिकारी अजय शर्मा ने बताया कि सूचना मिलते ही दमकल टीम ने मौके पर पहुंचकर आग बुझा दी। उन्होंने कहा कि आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है। साथ ही यह भी देखा जाएगा कि फैक्ट्री में अग्नि सुरक्षा मानकों का पालन हो रहा था या नहीं। जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल, इस घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल है और लोग सुरक्षा व्यवस्थाओं को लेकर सवाल उठा रहे हैं।

# चेकिंग के दौरान युवक अवैध चाकू के साथ गिरफ्तर
## अपराध नियंत्रण अभियान के तहत नगर पुलिस की कार्रवाई



**हापुड़(करंट क्राइम)।** हापुड़ नगर पुलिस ने जनपद में चलाए जा रहे अपराध नियंत्रण अभियान के तहत एक युवक को अवैध चाकू के साथ गिरफ्तार किया है। यह गिरफ्तारी नियमित चेकिंग के दौरान हुई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार, यह कार्रवाई 24 अप्रैल 2026 को की गई। पुलिस टीम क्षेत्र में गश्त और चेकिंग कर रही थी, तभी एक संदिग्ध युवक दिखाई दिया। पुलिस ने जब उसे रोककर तलाशी ली, तो उसके पास से एक अवैध चाकू बरामद हुआ, जिसके बाद उसे तुरंत हिरासत में ले लिया गया।

गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान दिलशाद उर्फ दिलकेश पुत्र शकील, निवासी मोती कॉलोनी, हापुड़ के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है और आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जनपद में अपराधियों पर अंकुश लगाने और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। उनका कहना है कि असामाजिक तत्वों के खिलाफ ऐसी चेकिंग और कार्रवाई भविष्य में भी जारी रहेगी, ताकि आम जनता को सुरक्षित माहौल मिल सके। स्थानीय लोगों ने पुलिस की इस कार्रवाई की सराहना की है।

# शान्ति पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं ने बोर्ड परीक्षा में गाड़े सफलता के झंडे, शत-प्रतिशत रहा परिणाम



दीपीका यादव 82.5 % | उमेश 82.3% | मोहिनी 82.3% | वरूण सैनी 82.3% | पूजा सैनी 82.3%

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** स्थानीय देवी मंदिर, खत्री बाड़ा स्थित शान्ति पब्लिक हायर सैकेण्ड्री स्कूल ने हाईस्कूल बोर्ड परीक्षा-2026 में अपनी सफलता का परचम लहराया है। विद्यालय का परीक्षाफल शत-प्रतिशत (100%) रहा, जिससे स्कूल प्रशासन और अभिभावकों में हर्ष की लहर दौड़ गई है। सभी छात्र-छात्राओं के उत्तीर्ण होने पर स्कूल परिसर में जश्न का माहौल रहा। परीक्षा में न केवल सभी छात्र सफल रहे, बल्कि कई विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट अंक प्राप्त कर मेरिट सूची में अपनी जगह बनाई। विद्यालय की छात्रा दीपिका यादव ने 82.5% अंक प्राप्त कर स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त किया है।

विद्यालय की टॉप-5 मेरिट सूची इस प्रकार है : दीपिका यादवः (सुपुत्री भूपेन्द्र यादव) : 82.5%, मोहिनी : (सुपुत्री राजवीर) : 82.3%, उमेशः (सुपुत्र लोकेश कुमार) : 82.3%, वरुण सैनीः (सुपुत्र नवीन कुमार सैनी) : 81.3%, पूजा सैनी : (सुपुत्री रविन्दर कुमार) : 81.3%।

**कठिन परिश्रम और अनुशासन का परिणामः** विद्यालय प्रबंधन ने इस शानदार उपलब्धि का श्रेय विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, शिक्षकों के कुशल मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग को दिया है। प्रधानाचार्य ने मेधावियों को मिठाई खिलाकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और कहा कि ग्रामीण क्षेत्र की प्रतिभाएं यदि सही दिशा में प्रयास करें, तो वे किसी भी ऊंचे मुकाम को हासिल कर सकती हैं। मेधावी छात्र-छात्राओं ने अपनी सफलता का श्रेय विद्यालय के अनुशासित वातावरण और अपने माता-पिता के आशीर्वाद को दिया है। इस उपलब्धि पर क्षेत्र के गणमान्य व्यक्तियों ने भी स्कूल स्टाफ और बच्चों को बधाई दी है।

# पानी पीने उतरे डेयरी कर्मी की ट्रेन से कटकर मौत

**हापुड़ (करंट क्राइम)।** हापुड़ में रेलवे स्टेशन पर शुक्रवार शाम एक दर्दनाक हादसा हुआ। गजरौला निवासी डेयरी कर्मी नरेंद्र शर्मा की ट्रेन से कटकर मौत हो गई। जनपद अमरोहा के गजरौला क्षेत्र के वसंत विहार निवासी नरेंद्र शर्मा धौलाना क्षेत्र स्थित एक डेयरी प्लांट में अकाउंटेंट के पद पर कार्यरत थे।

नरेंद्र शुक्रवार को काशी विश्वनाथ एक्सप्रेस में सवार होकर प्लांट से गजरौला जा रहे थे। देर शाम ट्रेन कुछ देर के लिए गढ़ रेलवे स्टेशन पर रुकी। इस दौरान नरेंद्र पानी पीने के लिए स्टेशन पर उतर गए। इसी बीच अचानक ट्रेन चलने लगी। नरेंद्र ने दौड़कर डिब्बे में चढ़ने की कोशिश की। चढ़ते समय उनका पैर प्लेटफॉर्म और डिब्बे के बीच फंस गया, जिससे वह काफी दूर तक ट्रेन के साथ घिसटते रहे और गंभीर रूप से घायल हो गए।

शोर सुनकर मौके पर पहुंचे आरपीएफ इंचार्ज केसर सिंह और अन्य कर्मियों ने ट्रेन रुकवाई, लेकिन तब तक नरेंद्र की मौत हो चुकी थी। आरपीएफ चौकी प्रभारी केसर सिंह ने बताया कि शव जीआरपी को सौंप दिया गया है और परिजनों को सूचना दे दी गई है।

# नोएडा में भाकियू की संगोष्ठी, किसानों ने समस्याओं पर आंदोलन की चेतावनी दी



**नोएडा (करंट क्राइम)।** ग्रेटर नोएडा के दादरी क्षेत्र के ग्राम मकोड़ा में धनपाल भाटी के आवास पर किसान संगोष्ठी एवं भारतीय किसान यूनियन के संगठन विस्तार का भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन नरेंद्र भाटी द्वारा किया गया, जिसकी अध्यक्षता राजवीर भाटी ने की, जबकि संचालन गौतमबुद्ध नगर जिलाध्यक्ष अशोक भाटी ने किया। कार्यक्रम के माध्यम से किसानों की एकजुटता और संगठन को मजबूत करने पर बल दिया गया, वहीं समस्याओं के समाधान के लिए आगे की रणनीति तय करने के संकेत भी दिए गए।

नोएडा में अखिल भारतीय गुर्जर महासभा का भव्य सम्मेलन, सुंदर चौधरी बने युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष ये भी पढ़ें नोएडा में अखिल भारतीय गुर्जर महासभा का भव्य सम्मेलन, सुंदर चौधरी बने युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष संगोष्ठी में किसानों ने भूमि अधिग्रहण, आबादी निस्तारण और मूलभूत सुविधाओं से जुड़ी समस्याओं को प्रमुखता से उठाया। इस पर सुभाष चौधरी ने आश्वासन दिया कि इन मुद्दों के समाधान के लिए जल्द ही ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के साथ बैठक की जाएगी। उन्होंने कहा कि किसानों की समस्याओं को किसी भी हालत में नजरअंदाज नहीं किया जाएगा और आवश्यकता पड़ने पर आंदोलन भी किया जाएगा। जिलाध्यक्ष अशोक भाटी ने अपने संबोधन में पूर्व विधायक महेंद्र सिंह भाटी को नमन करते हुए उनके योगदान को याद किया। उन्होंने बताया कि उनकी पोत्री शेरी भाटी ने विश्व सुंदरी का खिताब जीतकर जिले और समाज का नाम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया है। कार्यक्रम में किसान नेता महेंद्र सिंह टिकैत के योगदान को भी याद किया गया, जिन्होंने किसानों और मजदूरों को एक मजबूत मंच दिया। साथ ही कहा गया कि उनकी परंपरा को राकेश टिकैत आगे बढ़ा रहे हैं। संगठन विस्तार के तहत कई युवाओं को सदस्यता दिलाई गई। जिलाध्यक्ष अशोक भाटी और मनोज मावी द्वारा नवसदस्यों को टोपी और माला पहनाकर संगठन में शामिल किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी सुभाष चौधरी, जलकेश बाबू, जिलाध्यक्ष अशोक भाटी, दादरी जिलाध्यक्ष मनोज मावी, श्रीपाल कसाना, सुभाष भाटी, रविंद्र भगत, सुंदर बाबा, महेश खटाना, विपिन प्रधान, संदीप अवाना, प्रमोद टाइगर, संजय फौजी, नवल प्रधान, अजय गुर्जर, नीरज गुर्जर, धीरेश नंबरदार, राकेश लोहिया, यादराम नेता, विनोद अधाना, अरुण भाटी, प्रवीण बाबा, नीतिराज चौधरी, अमित अवाना, हिमांशु चपराना और राजकुमार प्रजापति सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## स्मार्ट मीटर के विरोध में महिलाएं सड़क पर उतरीं, धरना प्रदर्शन कर मीटर में की तोड़फोड़

**हापुड़।** रामगढ़ी क्षेत्र में शुक्रवार को स्मार्ट मीटर लगाए जाने का महिलाओं ने विरोध किया। बड़ी संख्या में महिलाएं लाठी-डंडे लेकर सड़क पर उतर आईं और प्रदर्शन करते हुए कई स्मार्ट मीटरों में तोड़फोड़ कर दी। इस घटना से क्षेत्र में हंगामे की स्थिति बन गई।

## शादी का झांसा देकर दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**हापुड़।** हापुड़ पुलिस ने शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने के मामले में वांछित एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी को दस्तोई रोड स्थित पोस्टमार्टम हाउस तिराहे के पास से पकड़ा गया। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान अमित निवासी जसरूप नगर कॉलोनी, दस्तोई रोड, हापुड़ के रूप में हुई है। वह लंबे समय से फरार चल रहा था और पुलिस उसकी तलाश कर रही थी। पुलिस के अनुसार, आरोपी अमित ने एक युवती को शादी का झांसा देकर उसके साथ दुष्कर्म किया था। पीड़िता की शिकायत के आधार पर आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था। थाना हापुड़ नगर पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर योजनाबद्ध तरीके से घेराबंदी कर आरोपी को दबोचा।




## लंबे समय बाद लौटेगी एक कार्यालय में रौनक

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में बीते दिनों दो चार नंबर की पोजीशन वाले अधिकारियों की आमद हुई थी। जिसमें एक आ गए और दूसरे का वेट हो रहा है। तो इन सबके बीच जानकारी मिली है कि जो पहले आए हैं उन्हें पहले चार्ज भी मिल गया है। बताया जा रहा है कि उनको प्रोटोकॉल वाला चार्ज दिया गया है। तो उधर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम के सूत्र बता रहे हैं कि लंबे समय बाद उनके ऑफिस में रौनक आएगी। उनसे पहले जब एक साहब रहते थे, जो यहां से आईपीएस होकर गए, उनके जाने के बाद से यह कमरा खाली चल रहा था। इस कार्यालय में ना तो कोई बैठ रहा था और ना ही कोई आ रहा था। लंबे समय बाद इस पद पर पोस्टिंग हुई है। इससे पहले यह चार्ज क्राइम वाले साहब संभाल रहे थे। तो बताया जा रहा है कि उनके पास क्राइम और लाइन वाला चार्ज यथावत बना रहेगा। तो पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम के सूत्र बता रहे हैं कि अब जो चौथे नंबर की पोजीशन वाले साहब आएंगे उनको ट्रैफिक में सेट किया जा सकता है। तो इन सबके बीच जानकारी मिल रही है कि जिस तरीके से पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में एसीपी स्तर के अधिकारियों का टोटा हो चुका है, उसको पूरा करने के लिए शायद मई तक का वेट करना पड़ सकता है। अब बताया जा रहा है कि चुनाव के परिणाम आने के बाद ही लिस्ट का फाइनल टविस्ट आएगा। तो सूत्र बता रहे हैं कि जिस तरीके से लगभग सवा महीने से अधिक का समय हो गया है, कहा जा रहा है जिस तरीके से सिटी वाले साहब ने सिटी से लेकर नदिया पार तक की कमान संभाली हुई है। तो लाइन से लेकर थाने के उद्घाटन वाले कार्य में भी आ गए हैं, उससे उनकी टीआरपी हाई हो गई है। उधर इन सबके बीच जानकारी मिली है कि जिस तरीके से पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में आने वाले दिनों में कई बड़े फेस फिर बदलते हुए देखने को मिलेंगे। देखना होगा कि किस स्तर के अधिकारियों की संख्या आने वाले दिनों में अधिक रहती है क्योंकि बीती रिपोर्ट बता रही है कि गाजियाबाद से संख्या जाने वालों की अधिक रही है। कुल मिलाकर देखना होगा कि आने वाले दिनों में पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के क्या समीकरण बनते और बदलाव कितना देखने को मिलेगा।




## कौशल और उत्साह का संगम
# सिल्वरलाइन प्रेस्टिज स्कूल में वार्षिक खेल दिवस का आयोजन






गाजियाबाद, करंट क्राइम। सिल्वरलाइन प्रेस्टिज स्कूल में वार्षिक खेल दिवस 2026-27 अत्यंत उत्साह और गरिमा के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय बैंड की सुमधुर धुनों और खेल मशाल प्रज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर चेयरमैन डॉ. सुभाष जैन, एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर श्रीमती मोनिका जैन, डायरेक्टर एडमिनिस्ट्रेशन श्री प्रणव जैन और प्रधानाचार्या डॉ. गीता जोशी ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति से विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। समारोह के मुख्य आकर्षण विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत योग, स्केटिंग, फुटबॉल, तीरंदाजी और ताइक्वांडो की शानदार ड्रिल प्रदर्शन रहे, जिसमें अनुशासन और समन्वय का अद्भुत मेल दिखा। राष्ट्रगान और खेल शपथ के साथ खिलाड़ियों ने निष्पक्षता से प्रतिस्पर्धा करने का संकल्प लिया। डॉ. सुभाष जैन (चेयरमैन) ने कहा, खेलों से सीखे गए मूल्य जीवन के हर क्षेत्र में सफलता दिलाते हैं। प्रणव जैन (डायरेक्टर एडमिनिस्ट्रेशन) ने विद्यार्थियों के समर्पण और आयोजन टीम के कठिन परिश्रम की सराहना की। डॉ. गीता जोशी (प्रधानाचार्य) ने खेलों को शिक्षा का अभिन्न अंग बताते हुए स्कॉलर बैज विजेताओं को उनके निरंतर प्रयासों के लिए बधाई दी। यह आयोजन विद्यार्थियों में टीम भावना और आत्मविश्वास भरने में सफल रहा, जो विद्यालय की सर्वांगीण विकास की प्रतिबद्धता को दर्शात है।

# गाजियाबाद में सजेगा भारत की वैज्ञानिक विरासत का मेला
## 26 अप्रैल को 'गौरव गाथा' का ग्रैंड फिनाले




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** यूथ यूनिटी फाउंडेशन द्वारा आयोजित राष्ट्रीय युवा प्रतियोगिता 'भारत और इसकी वैज्ञानिक गौरव गाथा (अध्याय-2)' का भव्य फिनाले 26 अप्रैल को कवि नगर स्थित जानकी भवन में आयोजित किया जाएगा। आयोजक और भाजपा युवा मोर्चा के राष्ट्रीय मुख्यालय प्रभारी विनीत वत्स त्यागी ने प्रेस वार्ता में बताया कि इस प्रतियोगिता का उद्देश्य 16 से 25 वर्ष के युवाओं को भारत की प्राचीन ज्ञान प्रणालियों–जैसे खगोलशास्त्र, धातुकर्म, वैदिक गणित और चिकित्सा–को आधुनिक संदर्भों में समझने हेतु एक मंच प्रदान करना है।

19 राज्यों की 168 टीमों में से चयनित शीर्ष 20 टीमें अपना शोध प्रस्तुत करेंगी। कार्यक्रम में भाजपा राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुघ, महापौर सुनीता दयाल, पूर्व सांसद डॉ. अनिल अग्रवाल और आईआईटी कानपुर के प्रोफेसर शामिल होंगे।

विजेता टीम को 1 लाख रुपये, द्वितीय को 51 हजार और तृतीय को 31 हजार रुपये की सम्मान राशि दी जाएगी। इसके अलावा, एक विशेष 'बोनस पुरस्कार' (50,000 रुपये) उस टीम को मिलेगा जो प्राचीन ज्ञान से किसी जटिल आधुनिक समस्या का समाधान पेश करेगी।

विनीत वत्स त्यागी ने कहा कि यह पहल युवाओं को उनकी बौद्धिक जड़ों से जोड़कर वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है।

## पोस्ट ऑफ द डे
प्रस्तुति
करंट क्राइम




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। डॉ रामावतार जिंदल की यह खूबी है कि वह हमेशा अपनों के साथ अपनों की हर खुशी में खड़े दिखाई देतेहैं। सिकंदराबाद वालों की खुशी है और आयोजन दिल्ली में। यह अपनेपन का रंग है कि इसमें गाजियाबाद के शिक्षाविद डॉक्टर रामावतार जिंदल भी मौजूद है। अपनों की खुशी को उन्होंने फेसबुक पोस्ट पर साझा किया और गुड्डू प्रधान के भतीजे की शादी का यह पल और डॉक्टर रामावतार जिंदल की यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

# तेहरान पर बड़े हमले की तैयारी में इस्राइल

## बस अमेरिका की हां का इंतजार, कहा- ईरान की नींव तक हिला देंगे

**तेल अवीव।** अमेरिका और ईरान के बीच जारी युद्धविराम के बीच अब इस्राइल एक नई योजना बना रहा है, जिसके चलते पश्चिम एशिया में एक बार फिर युद्ध के बादल गहराते हुए दिख रहे हैं। कारण है कि अब फिर से इस्राइल ईरान के खिलाफ युद्ध की तैयारी कर रहा है। इस्राइली रक्षा मंत्री ने तो यहां तक कह दिया कि सभी लक्ष्य चुने जा चुके हैं और बस अमेरिका के हां का इंतजार है।

पश्चिम एशिया में युद्ध के बादल फिर गहराने लगे हैं और हालात तेजी से विस्फोटक होते दिख रहे हैं। इस्राइल और ईरान के बीच टकराव अब खुली जंग की दहलीज पर पहुंचता नजर आ रहा है। इसका बड़ा कारण है कि इस्राइल के रक्षा मंत्री इस्राइल काट्ज ने इस संघर्ष के और बड़े पैमाने पर बढ़ने के संकेत दिए हैं। काट्ज ने साफ-साफ कहा कि इस्राइल ईरान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई तेज करने के लिए पूरी तरह तैयार है। उन्होंने यह भी संकेत दिया कि अमेरिकी की हरी झंडी का इंतजार है।





### ईरान को इस्राइल का सीधा अल्टीमेटम

अपने बयान में इस्राइली रक्षा मंत्री ने दावा किया कि ईरान के नेता फिलहाल कमजोर स्थिति में हैं, छिपकर काम कर रहे हैं और फैसले लेने में दिक्कत महसूस कर रहे हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि ईरान अपने नागरिकों की परेशानियों की परवाह नहीं करता, जैसा कि हमास और हिजबुल्ला जैसे संगठनों के मामले में देखा गया है। काट्ज ने चेतावनी दी कि अगर हालात बिगड़ते हैं तो आगे की सैन्य कार्रवाई और ज्यादा खतरनाक और घातक होगी, जो ईरान की नींव को हिला सकती है।

### परमाणु हथियार को लेकर ट्रंप ने साफ किया रुख



हालांकि इसके इतर अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान के साथ तनाव में परमाणु हमले पर अपना रुख साफ किया। उन्होंने कहा कि वह इस संघर्ष में परमाणु हथियारों का इस्तेमाल नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि दुनिया में किसी को भी परमाणु हथियारों का उपयोग नहीं करना चाहिए। ट्रंप ने यह भी कहा कि अमेरिका की अर्थव्यवस्था मजबूत है और देश में तेल की कोई कमी नहीं है।

एक सुरक्षा बैठक के दौरान काट्ज ने खुली चेतावनी देते हुए कहा कि इस्राइली सेना (आईडीएफ) पूरी तरह तैयार है और जरूरत पड़ने पर हमला और बचाव दोनों कर सकती है। उन्होंने कहा कि सभी संभावित टारगेट चिन्हित किए जा चुके हैं। इस दौरान काट्ज ने ईरान की सरकार पहर आरोप भी लगाए। उन्होंने कहा कि ईरान अपने लोगों पर सख्ती से नियंत्रण रखता है और रिवोल्यूशनरी गार्ड्स और बसिज जैसे संगठनों के जरिए दबाव बनाता है। उन्होंने यह भी कहा कि ईरान तेल की कीमतों को लेकर दुनिया पर दबाव बनाने की कोशिश करता है। उन्होंने दावा किया कि अमेरिका अभी सऊदी अरब और रूस से भी ज्यादा तेल उत्पादन कर रहा है और कई जहाज अब होर्मुज जलडमरूमध्य की बजाय अमेरिका की ओर आ रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि अमेरिका इस क्षेत्र पर पूरी नजर रखे हुए है और ईरान को समझौते के लिए दबाव में लाने की कोशिश कर रहा है।

ईरान के नेताओं ने सोशल मीडिया पर एक साथ संदेश जारी कर कहा कि देश में किसी तरह का अंदरूनी मतभेद नहीं है और अमेरिका के दावे बेबुनियाद हैं।

# अमेरिकी वॉर कॉलेज के हॉल ऑफ फेम में शामिल किए गए भारतीय सेना प्रमुख

**वॉशिंगटन।** भारतीय सेना के प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी को अमेरिका के एक वॉर कॉलेज के अंतरराष्ट्रीय हाल ऑफ फेम में शामिल किया गया है। जनरल उपेंद्र द्विवेदी से पहले भारतीय सेना को दो और जनरलों को यह सम्मान दिया जा चुका है।

भारतीय सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी को अमेरिका के आर्मी वॉर कॉलेज (अहउ) कार्लाइल बैरक्स के अंतरराष्ट्रीय हॉल ऑफ फेम में शामिल किया गया है। भारतीय सेना ने शुक्रवार को इसे उनकी सैन्य सेवा और नेतृत्व का महत्वपूर्ण सम्मान बताया। इससे पहले जनरल वी.के. सिंह और जनरल बिक्रम सिंह को यह गौरव मिल चुका है। भारतीय सेना ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर साझा पोस्ट में लिखा, 'जनरल उपेंद्र द्विवेदी, चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ ने आर्मी वॉर कॉलेज कार्लाइल बैरक्स, यूएसए का दौरा किया, जहां उन्हें अंतरराष्ट्रीय हॉल ऑफ फेम में शामिल किया गया। यह सम्मान पाने वाले वह तीसरे भारतीय सेना प्रमुख हैं।' पोस्ट में आगे कहा गया कि सेना प्रमुख ने वॉर कॉलेज की फैकल्टी और अंतरराष्ट्रीय सैन्य अधिकारियों को नेतृत्व, पेशेवर सैन्य शिक्षा और बदलते सुरक्षा परिदृश्य पर संबोधित किया। प्रतिष्ठित संस्थान के पूर्व छात्र रहे जनरल द्विवेदी ने कॉलेज की प्रमुख सुविधाओं का दौरा किया और शैक्षणिक गतिविधियों में भाग लिया, जिसमें पैनल चर्चा, शोध परियोजनाओं की समीक्षा और संस्थान के विशेषज्ञों से संवाद शामिल रहा।




**दूतावास ने कहा- भारत अमेरिका में बढ़ रही रणनीतिक साझेदारी:** इससे पहले सप्ताह की शुरूआत में अमेरिका में भारत के राजदूत विनय मोहन क्वात्रा ने वॉशिंगटन में इंडिया हाउस में जनरल उपेंद्र द्विवेदी की मेजबानी की। भारतीय दूतावास ने बताया कि यह दौरा हाल ही में नौसेना और वायु सेना प्रमुखों की यात्राओं के बाद हो रहा है, जो भारत-अमेरिका के बीच उच्चस्तरीय सैन्य सहयोग को दशार्ता है।

# ट्रंप ने जोन्स एक्ट की छूट को 90 दिनों के लिए बढ़ाया, तेल बाजार में स्थिरता की कोशिश





**वाशिंगटन।** ईरान युद्ध के चलते तेल की कीमतों में आए उछाल को रोकने के लिए ट्रंप प्रशासन ने जोन्स एक्ट में 90 दिनों की अतिरिक्त छूट दी है। इस कदम से विदेशी जहाजों की मदद से अमेरिका में ईंधन की आपूर्ति तेज होगी और बाजार में स्थिरता आएगी। पश्चिम एशिया संकट के बाद से वैश्विक तेल आपूर्ति श्रृंखला में भारी दिक्कत आई है।

पश्चिम एशिया संकट के बीच अमेरिका से एक बड़ी खबर आई है। दरअसल, राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने जोन्स एक्ट की छूट को अगले 90 दिनों के लिए विस्तार देने का निर्णय लिया है। व्हाइट हाउस की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार, इस फैसले का मुख्य उद्देश्य अमेरिकी ऊर्जा बाजार में आई भारी अस्थिरता को कम करना और तेल-प्राकृतिक गैस की आपूर्ति को सुगम बनाना है। ईरान और अमेरिका के बीच तनाव से उपजे वैश्विक संकट के बाद राष्ट्रपति ट्रंप के इस फैसले को मास्टरस्ट्रोक माना जा रहा है।

'अब परमाणु हथियार नहीं बना पाएगा ईरान': तेहरान पर ट्रंप का बड़ा दावा, बताया होर्मुज पर कब खत्म होगी नाकाबंदी?

### विदेशी जहाजों के लिए खुले रास्ते

इस छूट के लागू होने के बाद अब गैर-अमेरिकी जहाजों के लिए अमेरिकी बंदरगाहों से तेल और प्राकृतिक गैस का परिवहन करना काफी आसान हो जाएगा। जोन्स एक्ट के प्रावधानों के तहत केवल अमेरिका में बने, अमेरिकी स्वामित्व वाले और अमेरिकी चालक दल वाले जहाजों को ही घरेलू समुद्री व्यापार की अनुमति होती है। हालांकि, मौजूदा ऊर्जा संकट के बाद आपूर्ति श्रृंखला में आए अवरोधों को देखते हुए ट्रंप प्रशासन ने इन नियमों में ढील दी है।

# पीएम नेतन्याहू कैंसर से पीड़ित रहे, खुद किया इसका खुलासा

**तेल अवीव।** इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने खुलासा किया है कि उन्हें शुरूआती चरण का प्रोस्टेट कैंसर था। रूटीन जांच में पकड़े गए इस छोटे ट्यूमर का सफल इलाज हो चुका है और वे अब पूरी तरह स्वस्थ हैं। ईरान के झूठे प्रचार से बचने के लिए उन्होंने युद्ध के दौरान यह बात छिपाई थी।



इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के स्वास्थ्य को लेकर एक बहुत बड़ी खबर सामने आई है। लंबे समय से चल रही अटकलों पर विराम लगाते हुए इस्राइली प्रधानमंत्री ने खुद इस बात का आधिकारिक खुलासा किया है कि वे कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से पीड़ित रहे हैं।

नेतन्याहू ने बताया है कि उन्हें शुरूआती चरण का प्रोस्टेट कैंसर था, जिसका उन्होंने समय रहते इलाज करवा लिया है। अपनी सालाना मेडिकल रिपोर्ट सार्वजनिक होने के बाद नेतन्याहू ने शुक्रवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर यह अहम जानकारी दी। उन्होंने देश और दुनिया को भरोसा दिलाया है कि एक घातक ट्यूमर को उनके शरीर से सफलतापूर्वक निकाल दिया गया है और अब उनकी शारीरिक स्थिति बिल्कुल बेहतरीन है। दरअसल, उस समय इस्राइल और ईरान के बीच युद्ध अपने चरम पर था और हालात बहुत नाजुक थे। वे बिल्कुल नहीं चाहते थे कि इस संवेदनशील समय में ईरान (तेहरान) को उनके स्वास्थ्य को लेकर इस्राइल के खिलाफ 'और भी ज्यादा झूठा प्रचार' फैलाने का कोई मौका मिले। **इलाज तुरंत कराने को लेकर नेतन्याहू ने क्या तर्क दिया:** अपने लंबे सोशल मीडिया पोस्ट में नेतन्याहू ने अपने इलाज के फैसले को लेकर एक बहुत ही गहरी बात कही है। उन्होंने बताया कि उन्होंने तुरंत इलाज का रास्ता क्यों चुना। इस्राइली प्रधानमंत्री ने कहा कि जब भी उन्हें किसी संभावित खतरे के बारे में समय रहते जानकारी मिल जाती है, तो वह बिना कोई देरी किए तुरंत उसका समाधान करना पसंद करते हैं।

### बीमारी पर क्या बोले नेतन्याहू?

नेतन्याहू ने बताया कि यह बीमारी अचानक नहीं पकड़ी गई बल्कि एक रूटीन मेडिकल चेकअप के दौरान इसका पता चला था। करीब डेढ़ साल पहले उन्हें प्रोस्टेट के बढ़ने की समस्या हुई थी, जो कि उस समय कैंसर (बिनाइन) नहीं था। उस वक्त उनकी एक सफल सर्जरी की गई थी। उसी सर्जरी के बाद से डॉक्टरों की एक टीम उनके स्वास्थ्य की लगातार निगरानी कर रही थी। इसी रूटीन जांच के दौरान हाल ही में डॉक्टरों को एक सेंटीमीटर से भी छोटे आकार का एक बहुत ही 'छोटा सा धब्बा' दिखाई दिया। गहन जांच करने पर पता चला कि यह शुरूआती चरण का एक घातक कैंसर वाला ट्यूमर था। इसके बाद तुरंत इलाज शुरू किया गया, जिसने इस समस्या को पूरी तरह से खत्म कर दिया और अब शरीर में इसका कोई भी नामोनिशान बाकी नहीं है।

### कैंसर की जानकारी दुनिया से क्यों छिपाई गई थी?

इस्राइली प्रधानमंत्री ने इस बात का भी साफ और सीधा जवाब दिया है कि उन्होंने अपनी बीमारी की रिपोर्ट तुरंत सार्वजनिक क्यों नहीं की थी। नेतन्याहू ने बताया कि उन्होंने खुद अपनी मेडिकल रिपोर्ट जारी करने में देरी करने का अनुरोध डॉक्टरों से किया था।

# भारतीय दूतावास ने ईरान की यात्रा करने वाले नागरिकों के लिए जारी की एडवाइजरी

**तेहरान।** तेहरान स्थित भारतीय दूतावास ने क्षेत्रीय तनाव और उड़ान अनिश्चितताओं के बीच भारतीय नागरिकों को फिलहाल ईरान की यात्रा न करने की सलाह दी है। दूतावास ने ईरान में मौजूद भारतीयों से जल्द निर्धारित जमीनी सीमा मार्गों से, दूतावास के समन्वय में, सुरक्षित तरीके से देश छोड़ने को कहा है। तेहरान स्थित भारतीय दूतावास ने ईरान में जारी क्षेत्रीय तनाव और उड़ान सेवाओं पर असर को देखते हुए भारतीय नागरिकों के लिए अहम यात्रा परामर्श जारी किया है।

दूतावास ने अपनी एडवाइजरी में कहा कि भारत और ईरान के बीच कुछ उड़ानों के शुरू होने की खबरें सामने आई हैं, लेकिन क्षेत्रीय हालात के कारण एयरस्पेस प्रतिबंध और परिचालन अनिश्चितताएं अभी भी बनी हुई हैं।

# 'दोनों देशों के रिश्तों में विश्वास की कमी', विशेषज्ञ बोले- भरोसा फिर से बहाल करने की जरूरत

**वॉशिंगटन।** वॉशिंगटन के हडसन इंस्टीट्यूट में आयोजित न्यू इंडिया कॉन्फ्रेंस में भारत और अमेरिका के संबंधों पर गहन चर्चा हुई। जहां विशेषज्ञों ने माना कि भारत और अमेरिका के बीच रिश्तों में विश्वास की कमी एक बड़ी चुनौती बन गई है। इसके साथ ही दोनों देश एक दूसरे की मजबूरियां नहीं समझ पा रहें।



अमेरिका के हडसन इंस्टीट्यूट में आयोजित न्यू इंडिया कॉन्फ्रेंस में भारत और अमेरिका के संबंधों पर बड़ी चर्चा हुई। इसमें विशेषज्ञों ने कहा कि दोनों देशों के बीच आपसी भरोसे की कमी अब सबसे बड़ी समस्या बनकर सामने आई है, हालांकि सहयोग अभी भी जारी है। इसी क्रम में पैनल चर्चा में मौजूद वक्ता राम माधव ने कहा कि पहले भारत और अमेरिका के रिश्ते ज्यादा मजबूत और तालमेल वाले थे, लेकिन अब दोनों देशों के बीच भरोसा कम हुआ है। उन्होंने कहा कि इस भरोसे को फिर से बनाने की जरूरत है। पैनल ने कहा कि यह रिश्ता भले ही मजबूत है, लेकिन एक मुश्किल दौर से गुजर रहा है, जिसमें उम्मीदों का मेल न खाना, नीतियों में अनिश्चितता और काम की धीमी गति जैसी दिक्कतें हैं।

दूसरी ओर स्टिमसन सेंटर की एलिजाबेथ थ्रेलकेल्ड ने बताया कि दोनों देश एक-दूसरे की मजबूरियों को सही तरीके से नहीं समझते। उन्होंने कहा कि हर देश दूसरे की सीमाओं को उसकी पसंद मानता है, जबकि अपनी सीमाओं को मजबूरी बताता है। उन्होंने सलाह दी कि दोनों देशों को अपने साझा हितों पर ईमानदारी से फिर से काम करना चाहिए।

**यह तनाव भावनात्मक स्तर पर भी असर डाल रहा- कैंपबेल**

इसके साथ ही अमेरिका के पूर्व उप विदेश मंत्री कर्ट कैंपबेल ने कहा कि यह तनाव सिर्फ नीतियों का नहीं, बल्कि भावनात्मक स्तर पर भी असर डाल रहा है।

उन्होंने कहा कि इससे भारतीय पक्ष में गहरी नाराजगी और निराशा देखने को मिल रही है। चर्चा में यह भी सामने आया कि व्यापार, रक्षा सहयोग और नीतिगत तालमेल जैसे मुद्दों पर अभी भी कई रुकावटें हैं। अलग-अलग राजनीतिक सिस्टम और सरकारी प्रक्रियाओं की वजह से फैसले लेने में देरी होती है।

हालांकि, दूसरी ओर विशेषज्ञों ने यह भी कहा कि दोनों देशों के बीच बातचीत जारी है और खासकर आर्थिक क्षेत्र में सहयोग के कई मौके अभी भी मौजूद हैं।

# अमेरिका संग शांति वार्ता के लिए ईरान तैयार, इस्लामाबाद जाएंगे अराघची



**इस्लामाबाद।** क्या ईरान अमेरिका के साथ शांति वार्ता के लिए तैयार है, क्या युद्ध विराम खत्म होगा और पश्चिम एशिया में शांति कायम होगी? इस सभी सवालों के जवाब आने वाले समय में मिलेंगे। इसी बीच पाकिस्तान दो अधिकारियों ने दावा किया है कि ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची इस हफ्ते के अंत में इस्लामाबाद का दौरा करेंगे।

ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची के इस सप्ताहांत तक इस्लामाबाद पहुंचने की संभावना है। दो पाकिस्तानी अधिकारियों ने शुक्रवार को बताया कि ईरान के शीर्ष राजनयिक के वार्ता के लिए इस सप्ताहांत तक पाकिस्तान की यात्रा करने की संभावना है। अधिकारियों ने ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अराघची की यात्रा के बारे में अन्य कोई जानकारी देने से इनकार कर दिया, सिवाय इसके कि उनके साथ एक छोटा सरकारी प्रतिनिधिमंडल होगा और वे शुक्रवार को ही पहुंच सकते हैं। पाकिस्तान ईरान और संयुक्त राज्य अमेरिका के बीच युद्धविराम वार्ता को फिर से शुरू करने का प्रयास कर रहा है।

### पश्चिम एशिया में जंग की शुरूआत

इस युद्ध की शुरूआत 28 फरवरी को अमेरिका और इस्राइल के संयुक्त अभियान से हुई थी, जिसका उद्देश्य ईरान के परमाणु कार्यक्रम और मिसाइल ताकत को खत्म करना था। शुरूआती हमलों में ईरान के शीर्ष नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत हो गई, जिसके बाद उनके बेटे को नया नेता बनाया गया। हालांकि, 10 अप्रैल को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दो हफ्ते के लिए युद्धविराम की घोषणा की, फिर इसे आगे बढ़ा दिया गया है।

### अराघची ने आसिम मुनीर से की बातचीत

ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने पाक के सैन्य नेतृत्व के साथ टेलीफोन पर महत्वपूर्ण चर्चा की है। इस बातचीत का मुख्य केंद्र क्षेत्रीय सुरक्षा और अमेरिका के साथ युद्धविराम से जुड़े मुद्दे रहे। ईरानी विदेश मंत्री ने पाकिस्तान के उप-प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री इशाक डार के साथ चर्चा की। इस दौरान दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय संबंधों के साथ-साथ उन क्षेत्रीय चुनौतियों पर विचार-विमर्श किया। जानकारी के मुताबिक, अब्बास अराघची ने पाकिस्तान के सेना प्रमुख फील्ड मार्शल आसिम मुनीर से भी फोन पर बातचीत की। तस्नीम न्यूज के मुताबिक, पाकिस्तानी सेना प्रमुख और ईरानी विदेश मंत्री के बीच हुई इस बातचीत में युद्धविराम से संबंधित मुद्दों पर चर्चा की गई।

## संयुक्त राष्ट्र महासभा की अध्यक्ष

# एनालेना बेयरबॉक अगले हफ्ते करेंगी नई दिल्ली का दौरा

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र महासभा की अध्यक्ष एनालेना बेयरबॉक अगले हफ्ते भारत दौरे पर आ रही हैं। बेयरबॉक का यह दौरा ऐसे समय हो रहा है, जब भारत द्वारा लंबे समय से संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में बदलाव की मांग उठाई जा रही है।



संयुक्त राष्ट्र महासभा की अध्यक्ष एनालेना बेयरबॉक अगले हफ्ते भारत की आधिकारिक यात्रा पर आएंगी। यह जानकारी उनकी प्रवक्ता ला नीस कॉलिन्स ने दी। प्रवक्ता ला नीस कॉलिन्स ने बताया कि भारत सरकार के निमंत्रण पर अपनी इस यात्रा के दौरान, बेयरबॉक भारतीय अधिकारियों के साथ कई द्विपक्षीय बैठकें करेंगी। वह भारत में संयुक्त राष्ट्र की टीम से भी मिलेंगी, जिसका नेतृत्व रेजिडेंट कोऑर्डिनेटर स्टीफन प्रीसनर कर रहे हैं।

**पहले भी कर चुकी हैं भारत का दौरा:** संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस के फरवरी में नई दिल्ली में 'एआई इम्पैक्ट समिट' में शामिल होने के बाद यह भारत में संयुक्त राष्ट्र के शीर्ष अधिकारियों की दूसरी उच्च-स्तरीय यात्रा है। भारत के बाद बेयरबॉक चीन की यात्रा पर जाएंगी।

**भारत के विकास की मुरीद हैं बेयरबॉक:** 2022 में मंत्री के तौर पर अपनी पहली भारत यात्रा के दौरान उन्होंने कहा था, 'चाहे वह हिंद-प्रशांत क्षेत्र हो या उससे बाहर, इसमें कोई शक नहीं कि 21वीं सदी की अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था को आकार देने में भारत एक अहम भूमिका निभाएगा।' उन्होंने आगे कहा कि भारत ने 15 वर्षों में 40 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकाला है।

# दुनिया का चौधरी बनने के चक्कर में अपने लोगों पर जुल्म कर रहा पाकिस्तान

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान का नेतृत्व अपने नागरिकों के प्रति किस कदर संवेदनहीन है, उसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि अमेरिका और ईरान की बातचीत की मेजबानी करने के लिए पाकिस्तान अपने ही नागरिकों को परेशान कर रहा है।

पाकिस्तान, ईरान और अमेरिका के बीच युद्धविराम की बातचीत की मेजबानी कर रहा है। पाकिस्तान की मेजबानी में पहले दौर की बातचीत बेनतीजा रही थी और दूसरे दौर की बातचीत पर संशय के बादल हैं। हालांकि इस पूरे चक्कर में सबसे ज्यादा परेशानी पाकिस्तान के लोगों को उठानी पड़ रही है। दरअसल पाकिस्तान चौधरी बनने के चक्कर में अपने ही नागरिकों को परेशान कर रहा है। अमेरिका और ईरान की दूसरे दौर की बातचीत कब होगी, ये फिलहाल तय नहीं है, लेकिन पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में अभी भी भारी वाहनों की आवाजाही पर रोक जारी रही है।

**अमेरिका ईरान की बातचीत के लिए शहर बंद किए**


इस्लामाबाद और रावलपिंडी में रविवार को ही वीवीआईपी मूवमेंट की आशंका के मद्देनजर सभी प्रमुख सड़कों और बाजारों को बंद कर दिया था। कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए 10,000 से अधिक सुरक्षाकर्मियों की तैनाती की गई है। हालांकि, करीब एक सप्ताह होने के बावजूद नेताओं के आगमन का कोई आधिकारिक कार्यक्रम घोषित नहीं किया गया है। बातचीत पर अनिश्चितता बरकरार रहने के कारण नूर खान एयरबेस के आसपास के इलाकों को खोलने, मेट्रो बस, इलेक्ट्रिक बस सेवाओं और माल परिवहन बहाल करने पर अभी फैसला नहीं लिया गया है।

हवाई अड्डे के आसपास की सड़कें, लिंक रोड, बाजार और बैंक पिछले पांच दिनों से बंद हैं, जिससे शाह फैसल कॉलोनी, खालिद कॉलोनी, गुलजार-ए-कायद, फजल टाउन समेत कई इलाकों के लोग घरों में कैद रहने को मजबूर हैं। रावलपिंडी और इस्लामाबाद के बीच मेट्रो बस सेवा और सात रूटों पर चलने वाली इलेक्ट्रिक बसें निलंबित हैं, जबकि 19 अप्रैल से माल परिवहन भी ठप है, जिससे आम जनता को भारी परेशानी हो रही है।

## लोग घरों में कैद रहने को मजबूर

### दूसरे दौर की बातचीत पर अनिश्चितता के बादल

बुधवार को न्यूयॉर्क पोस्ट ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के हवाले से कहा कि वार्ता का दूसरा दौर शुक्रवार तक हो सकता है। हालांकि, ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बकाई ने कहा है कि तेहरान ने अभी नई वार्ता में शामिल होने पर कोई फैसला नहीं लिया है। इससे पहले मंगलवार को ट्रंप ने ईरान के साथ दो सप्ताह के संघर्षविराम को अनिश्चितकाल के लिए बढ़ा दिया, ताकि तेहरान को युद्ध समाप्त करने के लिए एक संयुक्त प्रस्ताव तैयार करने का समय मिल सके।



### कर्मचारी घरों से काम कर रहे, कॉलेज बंद

रेड जोन इलाके अब भी बंद है और वहां स्थित दफ्तरों के कर्मचारी घर से काम करने पर मजबूर हैं। रावलपिंडी के कुछ हिस्सों में भारी वाहनों को आंशिक अनुमति दी गई है, लेकिन इस्लामाबाद में ट्रक और बसों का प्रवेश पूरी तरह से प्रतिबंधित है। इससे दोनों शहरों के व्यापारिक प्रतिष्ठान बुरी तरह से प्रभावित हैं। स्कूल और कॉलेज खुले हैं, लेकिन विश्वविद्यालयों ने ऑनलाइन कक्षाएं शुरू कर दी हैं।

वार्ता की शुरूआत को लेकर अब तक कोई आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है। 11 और 12 अप्रैल को इस्लामाबाद में हुई अमेरिका-ईरान वार्ता का पहला दौर बिना किसी ठोस नतीजे के खत्म हो गई थी।

# क्या फेल हो गया ट्रंप का गोल्ड कार्ड वीजा प्लान? भारी कमाई के दावे

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का गोल्ड कार्ड वीजा प्लान अब सवालों में है। दावा था कि यह अरबों डॉलर की कमाई करेगा, लेकिन अब तक केवल एक व्यक्ति को ही मंजूरी मिली है। वाणिज्य मंत्री हावर्ड लुटनिक के मुताबिक सैकड़ों आवेदन लंबित हैं। ऐसे में एक मिलियन डॉलर निवेश वाले इस कार्यक्रम की रफ्तार उम्मीद से काफी धीमी दिख रही है।

अमेरिका में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन की तरफ से शुरू किए गए नए गोल्ड कार्ड वीजा कार्यक्रम को लेकर बड़ी जानकारी सामने आई है। अमेरिका के वाणिज्य मंत्री हावर्ड लुटनिक ने बताया कि इस योजना के तहत अब तक केवल एक व्यक्ति को ही मंजूरी दी गई है, जबकि कई आवेदन अभी जांच के दौर में हैं इसके अलावा 15000 डॉलर की अतिरिक्त फीस भी लगती है, ताकि आवेदकों की सख्त जांच की जा सके।

यह योजना पहले से चल रहे एइ-5 वीजा कार्यक्रम की जगह लाने के लिए बनाई गई है, जिसमें निवेश के बदले वीजा दिया जाता था। ट्रंप ने इस योजना को ग्रीन कार्ड का एडवांस वर्जन बताया था और दावा किया था कि इससे विदेशी निवेश और प्रतिभा को अमेरिका लाया जाएगा। उन्होंने पहले इसे 5 मिलियन डॉलर तक का विकल्प भी बताया था।



**अरबों डॉलरों की कमाई की योजना फेल**

इस योजना की शुरूआत के साथ ही ट्रंप प्रशासन ने कई सारे दावे किए। बताया गया कि इस योजना से अरबों डॉलर की कमाई हो सकती है, लेकिन अब तक वास्तविक मंजूरी सिर्फ एक ही व्यक्ति को मिली है। हालांकि अधिकारियों का कहना है कि सैकड़ों लोग आवेदन प्रक्रिया में हैं।

25 April -26 page 8 4/24/2026 10:50 PM Page 1






# एचआरआईटी विश्वविद्यालय में वृहद रोजगार मेले का सफल आयोजन

# 873 युवाओं को मिला नौकरी का अवसर

## मुख्य अतिथि सुनील कुमार शर्मा एवं विशिष्ट अतिथि अनिल अग्रवाल ने दीप प्रज्वलित कर मेले का किया शुभारम्भ



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** जनपद के बेरोजगार युवाओं को रोजगार के मुख्यधारा से जोड़ने के लिए जिला सेवायोजन कार्यालय और एच०आर०आई०टी० विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में एक विशाल 'वृहद रोजगार मेले' का आयोजन किया गया। मोरटा स्थित विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित इस मेले में तकनीकी और गैर-तकनीकी क्षेत्र की दिग्गज कंपनियों ने शिरकत की, जिसमें कुल 873 अभ्यर्थियों का चयन किया गया।

### कैबिनेट मंत्री ने किया दीप प्रज्वलित कर शुभारम्भ



**करंट क्राइम।** कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि सुनील कुमार शर्मा (कैबिनेट मंत्री, सूचना प्रौद्योगिकी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स, उत्तर प्रदेश) और विशिष्ट अतिथि अनिल अग्रवाल (कुलाधिपति, एचआरआईटी विश्वविद्यालय) ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर अभ्यर्थियों को संबोधित करते हुए कैबिनेट मंत्री सुनील कुमार शर्मा ने कहा, आज का युग सूचना क्रांति का है। युवाओं को ए.आई. (एआई), मशीन लर्निंग और नई तकनीकों के अनुरूप खुद को कुशल बनाना होगा। वैश्वीकरण के इस दौर में विदेशी भाषाएं सीखकर युवा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी अपना भविष्य संवार सकते हैं। वहीं कुलाधिपति अनिल अग्रवाल ने 'विकसित भारत 2047' के लक्ष्य पर जोर देते हुए कहा कि देश के विकास के लिए मानव संसाधन का कौशल विकास अनिवार्य है।



### विभागीय प्राथमिकता और सफल प्रबंधन


**करंट क्राइम।** जिला सेवायोजन अधिकारी दिव्या त्रिपाठी ने बताया कि उत्तर प्रदेश रोजगार मिशन के अंतर्गत अभ्यर्थियों को 'करियर ओरिएंटेड' नौकरियां उपलब्ध कराना विभाग की प्राथमिकता है। कार्यक्रम का सफल संचालन दिव्या त्रिपाठी और विश्वविद्यालय के प्रो-चांसलर अंजुल अग्रवाल द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। मेले के दौरान साक्षात्कार और लिखित परीक्षा की प्रक्रिया को सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए विश्वविद्यालय प्रशासन और सेवायोजन कार्यालय की व्यवस्थाएं सराहनीय रहीं।

**80 कंपनियों ने दी दस्तक, 2010 अभ्यर्थी हुए शामिल :** रोजगार मेले में देश-विदेश की लगभग 80 प्रतिष्ठित कंपनियों ने हिस्सा लिया। इनमें मुख्य रूप से टेक महिन्द्रा, यामहा इण्डिया, डॉ० रेड्डी, आई०टी०सी०, हमदर्द, शाही एक्सपोर्ट, सुब्रोस और मैकडोनल्ड जैसी कंपनियां शामिल रहीं।



# केंद्रीय राज्य मंत्री बी.एल. वर्मा से राम अवतार जिंदल की भेंट

## अखिल भारतीय कराटे प्रतियोगिता 2026 पर हुई अहम चर्चा



**नई दिल्ली, करंट क्राइम।** सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के व्यापार प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष राम अवतार जिंदल ने केंद्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण तथा सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्य मंत्री बी.एल. वर्मा से शिष्टाचार भेंट कर आगामी अखिल भारतीय कराटे प्रतियोगिता 2026 के सफल आयोजन को लेकर विस्तृत चर्चा की।

इस दौरान देशभर से खिलाड़ियों की भागीदारी सुनिश्चित करने, प्रतियोगिता को भव्य रूप देने और युवाओं को खेलों के प्रति प्रेरित करने जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर विचार-विमर्श किया गया। साथ ही विश्व की सबसे बड़ी शील्ड निर्माण के प्रयास पर भी चर्चा हुई, जिसे भारत की खेल क्षमता को वैश्विक मंच पर प्रदर्शित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है। राम अवतार जिंदल ने बताया कि मंत्री बी.एल. वर्मा के मार्गदर्शन से उन्हें प्रेरणा मिली है और उनके सहयोग से इस आयोजन को सफल एवं भव्य बनाने के लिए वे प्रतिबद्ध हैं।

## भाजपा गाजियाबाद महानगर कार्यसमिति घोषित

# 63 सदस्यों को मिली जिम्मेदारी

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** भारतीय जनता पार्टी, उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी की संस्तुति के उपरांत भाजपा गाजियाबाद महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल द्वारा महानगर कार्यसमिति की घोषणा की गई है। पश्चिम क्षेत्र के अंतर्गत गठित इस कार्यसमिति में कुल 63 सदस्यों को शामिल किया गया है, जिन्हें संगठन को मजबूती देने और पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

### घोषित सूची के अनुसार महानगर कार्यसमिति में शामिल सदस्यों के नाम इस प्रकार हैं—

संजय कांत, संजीव झा, जयनंद शर्मा, प्रदीप चौधरी, अंकुर मित्तल, दयानंद बंसल, अश्वनी शर्मा, नीरव शर्मा, सत्येंद्र ठाकुर, रोबिन तोमर, धवल गुप्ता, मयंक शर्मा, सर्वज्ञ जैन, अभिनव त्यागी, सार्थक सिन्हा, ऋचा भदौरिया, राजेश चतुर्वेदी, वेद प्रकाश यादव, अंकित गिरी, विक्रम सैनी, राम किशन प्रजापति, प्रवीण नागर, अभिनव जैन, राजेश सिंह, गगन दीप, अभिषेक पंडित, दिव्यांश भटनागर, दिवाकर सिंघल, अनिल तोमर, गगनदीप शर्मा, उदयन गर्ग, मनोज वोरा, मनु वशिष्ठ, मोहित शर्मा, नदीम कुरैशी, नागेंद्र चौहान, नितिन गोयल, करन शेरा, राम अवतार सिंह, पवन जाटव, राकेश गुप्ता, सुषमा सिंह, संजीव जांगिड़, पंकज राय, नवनीत गुप्ता, विनोद त्यागी, श्रुति सिंघल, कौशल शर्मा, प्रशांत महान, गर्व त्यागी, बृजभूषण शर्मा, वीरेंद्र कंडेरा, जितेंद्र नागर, आशा सिंह, पूनम चौधरी, मिथलेश तितोरिया, रीना भाटी, सीमा यादव, कुसुम गोयल, राजेश यादव, सोमवीर, राहुल चौधरी, देवेंद्र सहलोत।




▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि मैं बैठा था भगवा कमान्डर और मिस्टर शर्मा एन्ड कम्पनी के नियर? यहां पर अपने इरादे शर्मा जी ने कर दिये उनसे क्लियर? कहा मैं आपको करा रहा हूं अपनी दावेदारी का अहसास? मगर मेरा फोकस सिर्फ और सिर्फ है साहिबाबाद? मैं वहीं से कर रहा हूं चुनाव लड़ने की तैयारी? उनको दो दशक से मौके मिल रहे हैं? अब आनी चाहिए हम जैसे कार्यकर्ता की भी बारी?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि भगवा रेड फेस मैन ने अलग से भी रखे अपने जज्बात? वो बोले, वो कितना सही हैं या कितना सही? मुझे इसपर नहीं है कोई एतराज? उसका और हमारा है बहुत पुराना पारिवारिक साथ? इसलिए कुछ भी हो परिस्थिति मैं रहूंगा उसी के साथ? भले ही कितनी उफान मारे गागर? मेरा था, मेरा है और मेरा रहेगा नागर? ये कहकर हो गया रेड फेस का चेहरा कूल? उन्होंने कहा हम रिश्तों को निभाते हैं, भले ही चलें कितने ही शूल?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि जब फैल गया था कार्यालय पर बहुत ज्यादा रायता? तब समझा रहे थे मिस्टर चौहान कुछ अलग ही कायदा? वो कह रहे थे जो हुआ वो हो गया श्रीमान? अब यहां से एक भी बात बाहर नहीं जानी चाहिए? कुछ ऐसा करो इंतजाम? कहने वाले ने कहा बस यहीं चूक रहे थे हमारे चौहान? वो भूल गये थे कि दीवारों के भी होते हैं कान? जब वो तैयार कर रहे थे ये प्लान? तब तक पूरा रायता फैलकर पकड़ चुका था परवान?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि सबको सीख देने के बाद फिर ना जाने कहां चले गये मिस्टर चौहान? सुना है जो मीटिंग हुई उसमें भी नहीं थे वो विराजमान? कहने वाले ने कहा कि शायद वो बाहर जाकर समेट रहे थे अंदर का रायता? निभा रहे थे अपना फर्ज? समझा रहे थे सामने वालों को पार्टी का कायदा? कहने वाले ने कहा वक्त की चट्टानों से टकरा टकरा कर चौहान हो गये हैं अब हर तरीके से मजबूत? इसलिए अब ऐसी बातें उनपर नहीं दिखाती हैं कोई असर? इसलिए समझाने में उन्होंने नहीं छोड़ी कोई भी कसर?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि सबको पता है भगवा पहलवान भगवा झा से हकीकत में कितना करते हैं प्यार? हमने देखा जैसे ही मिस्टर झा की कार्यकारिणी सदस्य के रूप में हुई घोषणा? वैसे ही उनका प्यार आ गया एक झटके में बाहर? उन्होंने तुरन्त झा का फोटो लगाकर दी फेसबुक पर बधाई? सब समझ रहे थे इस बधाई देने के पीछे का सच? जैसे वो अहसास करा रहे हों? हमने तो मंत्री बनाया था? इन्होंने तुम्हारा देखो कैसा साथ निभाया है भाई?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि हमें पता है भगवा झा भी है बहुत ज्यादा स्मार्ट? वो समझ रहे थे कि पहलवान सोच समझकर दे रहे हैं उनको ये रिवॉर्ड? उन्होंने भी तुरन्त फेसबुक पर उनके कमेन्ट पर कर दिया रिप्लाई? वो बोले ये कौन भगवा झा है, मुझे समझ नहीं आ रहा है भाई? उन्होंने बोला ये मेरा नहीं किसी और का है नाम? चलो जो भी हो आपने मुझे बधाई दी, आपका ऊपर वाला बड़ा करे नाम?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि कार्यालय पर हुए फाईटिंग वाले मैटर के बाद चल रही थी तरह तरह की चर्चायें? किसने लिखी विवाद की स्क्रिप्ट इस पर भी हो रही थी बाद में बातें आम? सुना है जब किसी ने दिलजले को टटोला, तब सामने आया स्क्रिप्ट मेकिंग में एक पूर्व प्रेसिडेंट का नाम? जोड़ने वाले जोड़ रहे थे विवाद के एंगल? स्टोरी में बन रहा था कोई ट्राईएंगल?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि जब चल रही थी कार्यालय पर लड़ाई? तब क्षेत्र वालों की कढ़ाई में महानगर के ही कुछ चेहरे तेल डालकर आंच कर रहे थे हाई? सुना है मंच वाली सीट को लेकर हुआ था ये विवाद? धीरे धीरे सुलग रही थी यहां पर आग? फिर जब नहीं डाला इस आग पर किसी ने पानी? फिर क्या बतायें सबको तो पता ही है पार्टी कार्यालय पर क्या घटी है कहानी?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि उधर हो जाता है कोई घमासान, ईधर मिल जाता है चोटी वालों और गागर वालों को काम? वो तुरन्त उठा लेते हैं फेसबुक पर हथियार? ज्यादा कुछ नहीं लिखते बस लिखने के अंदाज में पेश कर देते हैं अपने विचार? कहने वाले ने कहा कि पढ़ने वाले नहीं है बच्चें? उन्हें पता है वो किस पर निशाना साध रहे हैं? क्योंकि ये दोनों भी खिलाड़ी नहीं है अब कच्चे? अभी तक नहीं भरे हैं उनके जख्म? जितने हरे रहेंगे ये, उतने रहेंगे इनके लिए अच्छे?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि भाजयुमो के एक प्रबल दावेदार को हो गया है इस बात का अहसास? भगवा योद्धा उसके नाम को लेकर ज्यादा इंटरेस्ट नहीं दिखा रहे हैं खास? उन्होंने बंद कर दिया है इसके लिए सोचना? कहने वाले ने कहा अगर मामला यही है तो फिर दो तो पहले ही फेसबुक पर टोंट मारने के लिए एक्टिव हैं? तीसरा भी बनायेगा ऐसी योजना? कहने वलो ने कहा राजनीति में ये सब आम बात है? इसलिए हम इस बारे में ज्यादा नहीं चाहते हैं सोचना?

**नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।**

# विकास भवन में प्राक्कलन समिति की बैठक संपन्न

## पारदर्शिता, गुणवत्ता और जनसमस्याओं के त्वरित समाधान पर जोर











### विधायकों ने उठाई जनसमस्याएं

**करंट क्राइम।** विधायक डॉ. मंजू सिवाच ने ग्रामीण क्षेत्रों में बस संचालन, बिजली कटौती, स्मार्ट मीटर की समस्या और किसानों के अनाज विक्रय में आ रही बाधाओं का मुद्दा उठाया।

**गाजियाबाद सदर विधायक संजीव शर्मा ने** जल निगम द्वारा टंकियां हैंडओवर न करने और गंदे पानी की सप्लाई की शिकायत की।

**कड़ी कार्रवाई के निर्देश:** जल निगम के प्रकरण पर सभापति ने जिलाधिकारी को एक समिति गठित कर एक माह के भीतर जांच कर दोषियों पर कार्रवाई सुनिश्चित करने का आदेश दिया।

**बैठक में जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार मॉदड़ सहित** पुलिस और प्रशासन के सभी आला अधिकारी मौजूद रहे। जिलाधिकारी ने समिति को आश्वस्त किया कि दिए गए सभी निर्देशों का कड़ाई से पालन किया जाएगा।

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** विकास भवन में मुकेश चौधरी की अध्यक्षता में विधानसभा की प्राक्कलन समिति (2025-26) की प्रथम उप समिति की बैठक संपन्न हुई।

बैठक में विभिन्न विभागों के बजटीय प्रावधानों की समीक्षा की गई और अधिकारियों को विकास कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए गए। सभापति मुकेश चौधरी ने निर्देश दिए कि सभी निर्माण कार्य तय समय सीमा के भीतर पूर्ण पारदर्शिता और गुणवत्ता के साथ पूरे हों। निर्माण शुरू करने से पहले स्थानीय जनप्रतिनिधियों को सूचित करना अनिवार्य होगा। संचालित सरकारी योजनाओं का लाभ हर पात्र व्यक्ति तक पहुँचाने और व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए जनप्रतिनिधियों का सहयोग लेने पर जोर दिया गया। स्वयं सहायता समूहों के उत्पादों की बिक्री के लिए नगर निगम और नगर पंचायतों के भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों में दुकानें आवंटित करने के निर्देश दिए गए। ग्राम पंचायतों के पुस्तकालयों में सीसीटीवी कैमरे लगाने और शहरों में जलभराव व कूड़ा निस्तारण के स्थायी समाधान हेतु आधुनिक मशीनरी के उपयोग का निर्देश दिया गया।

# नियमों की अनदेखी पर क्लाउड किचन पर 2 लाख का जुर्माना



**नोएडा (करंट क्राइम)।** नोएडा प्राधिकरण के जन स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने शुक्रवार को सेक्टर-8 स्थित मैसर्स केआईसी फूड प्रोडक्ट प्राइवेट लिमिटेड क्लाउड किचन का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान बल्क वेस्ट जनरेटर से जुड़े नियमों के गंभीर उल्लंघन पाए जाने पर इकाई पर 2 लाख रुपये का आर्थिक दंड लगाया गया।

यह निरीक्षण जन स्वास्थ्य अधिकारी इंदु प्रकाश सिंह और हेल्थ एवं सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट के प्रबंधक राहुल कुमार के नेतृत्व में किया गया। जांच में पाया गया कि इकाई का इफ्लुएंट ट्रीटमेंट प्लांट (ईटीपी) क्रियाशील नहीं था। साथ ही ऑयल-ग्रीस ट्रैप और ट्यूब सेटलर भी काम नहीं कर रहे थे। निरीक्षण के दौरान फ्लो मीटर का अभाव, स्लज मैनेजमेंट का मानकों के अनुरूप न होना, लॉगबुक का न होना और केमिकल डोजिंग में गड़बड़ी जैसी कई खामियां सामने आईं। इसके अलावा बल्क वेस्ट जनरेटर की

### ईटीपी प्लांट बंद, कचरा प्रबंधन में लापरवाही और प्लास्टिक उपयोग पर प्राधिकरण सख्त

श्रेणी में आने के बावजूद ओडब्ल्यूसी प्लांट स्थापित नहीं किया गया था और ठोस अपशिष्ट के पृथक्करण व भंडारण के नियमों का पालन भी नहीं किया जा रहा था। वर्तमान में प्राधिकरण द्वारा अपशिष्ट प्रबंधन नियमों के पालन को लेकर सख्ती बढ़ा दी गई है और नियमित निरीक्षण की कार्रवाई जारी है।

इंदु प्रकाश सिंह ने बताया कि जांच में पाया गया कि क्षेत्र में सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध होने के बावजूद इकाई में इसका बड़े पैमाने पर उपयोग किया जा रहा था। मौके से लगभग 30 किलोग्राम सिंगल यूज प्लास्टिक जब्त किया गया।

# उद्यमियों ने औद्योगिक नीतियों पर उठाए सवाल, आयुक्त से मुलाकात में रखीं अहम मांगें



**नोएडा (करंट क्राइम)।** उद्यमियों की संस्था नोएडा एंटरप्रेन्योर्स एसोसिएशन (एनईए) के अध्यक्ष विपिन कुमार मल्हन के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने उत्तर प्रदेश के अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त दीपक कुमार से लखनऊ सचिवालय में मुलाकात कर औद्योगिक नीतियों और उद्यमियों से जुड़ी प्रमुख समस्याएं उठाईं। वर्तमान में उद्यमियों को उम्मीद है कि उनकी मांगों पर सकारात्मक निर्णय लेकर औद्योगिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। नोएडा में 18वीं विधानसभा प्राक्कलन समिति की बैठक में विभागीय योजनाओं की समीक्षा ये भी पढ़ें नोएडा में 18वीं विधानसभा प्राक्कलन समिति की बैठक में विभागीय योजनाओं की समीक्षा बैठक में एनईए ने नोएडा प्राधिकरण द्वारा धारा 10-बी नोटिस प्रक्रिया को सरल बनाने, यूनिफाइड रेगुलेशन-2025 के तहत अंतरण शुल्क 4 : से बढ़ाकर 10 : किए जाने पर आपत्ति, और औद्योगिक इकाइयों को संचालित करने की समय सीमा 11 वर्ष से घटाकर 5 वर्ष करने के निर्णय पर पुनर्विचार की मांग की।




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।

# फर्जी रजिस्ट्री के जरिए करोड़ों रुपए की ठगी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़, 2 महिला समेत 3 गिरफ्तार



**नोएडा (करंट क्राइम)।** गौतमबुद्धनगर जिले में थाना जारचा पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए फर्जी रजिस्ट्री के जरिए करोड़ों रुपये की ठगी करने वाले शातिर गिरोह का पदार्फाश किया है। पुलिस ने इस मामले में तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है, जो लंबे समय से लोगों को धोखा देकर अवैध रूप से धन अर्जित कर रहे थे। गिरफ्तार किए गए आरोपियों के कब्जे से मोबाइल फोन, एटीएम कार्ड और एक स्कार्पियो कार भी बरामद की गई है। पुलिस के अनुसार, 24 अप्रैल को मैनुअल इंटेलिजेंस और गोपनीय सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए थाना जारचा पुलिस ने समाना नहर के पास से तीनों अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। पकड़े गए आरोपियों की पहचान प्रदीप राणा, खुशबू देवी और ज्योत्सना के रूप में हुई है।

प्रदीप राणा गाजियाबाद के लालकुआं स्थित सहारा होम्स का निवासी है, जबकि खुशबू देवी और ज्योत्सना मूल रूप से बिहार के भोजपुर जिले की रहने वाली हैं। ज्योत्सना वर्तमान में गाजियाबाद के प्रताप विहार क्षेत्र में रह रही थी। पुलिस जांच में सामने आया है कि यह गिरोह फर्जी दस्तावेजों के माध्यम से जमीन की रजिस्ट्री कराकर लोगों को ठगता था। आरोपियों ने अब तक करीब 3 करोड़ 3 लाख रुपये की ठगी की है। यह गिरोह सुनियोजित तरीके से काम करता था और भोले-भाले लोगों को सस्ती जमीन दिलाने का झांसा देकर उन्हें अपने जाल में फंसाता था। गिरफ्तार अभियुक्तों के खिलाफ थाना जारचा में कुल पांच मुकदमे दर्ज किए गए हैं। इन मामलों में भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत कार्रवाई की जा रही है।

पुलिस ने आरोपियों के पास से चार मोबाइल फोन, चार एटीएम कार्ड और एक स्कार्पियो कार बरामद की है, जिन्हें गिरोह द्वारा अपराध में इस्तेमाल किया जा रहा था। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि इस गिरोह से जुड़े अन्य सदस्यों की भी तलाश की जा रही है और जल्द ही पूरे नेटवर्क का खुलासा किया जाएगा। साथ ही, पुलिस ने आम जनता से अपील की है कि किसी भी प्रकार की जमीन खरीद-फरोख्त से पहले दस्तावेजों की अच्छी तरह जांच करें और संदिग्ध गतिविधियों की सूचना तुरंत पुलिस को दें।

# लाइक के लिए जानलेवा स्टंट सड़कों पर खतरा बना युवा

**मुरादनगर (करंट क्राइम)।** मुरादनगर से एक चिंताजनक वीडियो सामने आया है, जिसमें कुछ युवक सोशल मीडिया पर लाइक और व्यू पाने के लिए अपनी और दूसरों की जान जोखिम में डालते नजर आ रहे हैं। यह घटना पाइपलाइन रोड की बताई जा रही है, जहां बाइक सवार युवक खुलेआम खतरनाक स्टंट करते दिखाई दे रहे हैं।

### ट्रैफिक नियमों की अनदेखी कर खुलेआम स्टंटबाजी, प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग



वीडियो में स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है कि युवकतेज रफ्तार में बाइक चलाते हुए स्टंट कर रहे हैं। इनमें से कई युवक बिना हेलमेट के हैं और यातायात नियमों की अनदेखी कर रहे हैं। इस दौरान सड़क पर अन्य वाहन और राहगीर भी मौजूद हैं, जिससे किसी बड़े हादसे की आशंका बनी हुई है।

प्रशासन से मांग की जा रही है कि ऐसे स्टंटबाजों की पहचान कर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि सड़कों पर सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके और भविष्य में इस तरह की घटनाओं पर रोक लगाई जा सके।